वर्ष 24, अंक 176, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज रविवार 4 जनवरी 2025 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## वेनेजुएला में आधी रात एयरस्ट्राइक

### राष्ट्रपति को वाइफ के साथ किया अरेस्ट



**अमेरिका**

**अमेरिका** ने वेनेजुएला के कई सैन्य ठिकानों पर आधी रात एयरस्ट्राइक की, जिनमें राजधानी काराकास, मिरांडा, अरगुआ और ला गुइरा शामिल हैं. इसके बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि यूएस आर्मी ने निकोलस मादुरो को उनकी पत्नी समेत गिरफ्तार कर लिया है. आखिर ट्रंप वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो के पीछे क्यों पड़े हैं?

डोनाल्ड ट्रंप लंबे समय से मादुरो के खिलाफ माने जाते हैं. अमेरिकी राष्ट्रपति कई बार कह चुके हैं कि अमेरिका में वेनेजुएला से अवैध अप्रवासियों के लिए मादुरो जिम्मेदार हैं. 2013 के बाद से वेनेजुएला में आए आर्थिक संकट के बाद से बड़ी संख्या में लोग अमेरिका पहुंचे थे. ट्रंप वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो का सबसे तस्कर भी कह चुके हैं और उनकी गिरफ्तारी पर 5 करोड़ डॉलर का इनाम भी घोषित किया था.

ड्रग्स, कोकीन की अवैध सप्लाई के लिए मादुरो को जिम्मेदार मानते हैं ट्रंप

इसके साथ ही डोनाल्ड ट्रंप ड्रग्स, कोकीन की अवैध सप्लाई के लिए मादुरो को जिम्मेदार मानते रहे हैं. हालांकि मादुरो यह कई बार चुके हैं कि ट्रंप ड्रग्स के आरोपों के बहाने उन्हें सत्ता से हटाना चाहते हैं और वेनेजुएला के तेल भंडार पर ट्रंप की निगाहें हैं. इसके अलावा प्रतिबंधित तेल ले जाने के आरोप में अमेरिका कई बार वेनेजुएला के तेल टैंकर को जब्त कर चुका है.

मादुरो के बाद वेनेजुएला की सत्ता कौन संभालेगा?

अगर ट्रंप का दावा सच है तो वेनेजुएला के संविधान के अनुसार, सत्ता निकोलस मादुरो की वाइस प्रेसिडेंट डेल्सी रोड्रिग्ज को मिल जाएगी, जो आर्थिक नीति संभालती हैं।

## उत्तर प्रदेश में 6 साल की बच्ची के साथ गैंगरेप

### फिर मासूम को छत से फेंका, आरोपी एनकाउंटर में ढेर



**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** के बुलंदशहर से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आयी है। एक बार फिर एक मासूम बच्ची को दरिंदों ने निशाना बनाया।

पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में एक छह साल की बच्ची का गैंगरेप कर उसकी हत्या कर दी गई। आरोपियों ने कथित तौर पर अपनी पहचान छिपाने के लिए बच्ची को हमले के बाद छत से नीचे फेंक दिया था। यह घटना 2 जनवरी की देर रात हुई। पुलिस ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि एक नाबालिग लड़की गंभीर रूप से घायल हालत में मिली है। उसे तुरंत सिकंदराबाद के कम्युनिटी हेल्थ सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

लड़की के पिता की शिकायत पर, पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा 70(2) और 103(1) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम की धारा 5( ) और 6 के तहत मामला दर्ज किया। अपनी शिकायत में, पिता ने कहा कि राजू और वीरू कश्यप नाम के दो आदमी उसी बिल्डिंग में किराएदार के तौर पर रहते थे। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी छत पर खेल रही थी और बाद में बिल्डिंग के पीछे एक खेत में पड़ी मिली। उन्हें शक था कि दोनों आदमियों ने बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न किया और फिर उसकी हत्या कर दी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए, सीनियर सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए तीन टीमें बनाईं।

## न्यूजीलैंड वनडे सीरीज के लिए किया टीम इंडिया का एलान

### श्रेयस अय्यर की वापसी; हार्दिक-बुमराह नहीं

**नई दिल्ली**

**भारतीय** क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया का एलान कर दिया है. टीम में श्रेयस अय्यर की वापसी हुई, जबकि हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह को मौका नहीं मिला.

दोनों को मौका नहीं मिलना पहले ही तय हो गया था.

दरअसल इससे पहले सामने आई कई मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया था कि फिलहाल टीम मैनेजमेंट का पूरा फोकस आगामी टी20 वर्ल्ड कप पर है, जिसके चलते हार्दिक और बुमराह को आराम दिया गया है. दोनों स्टार न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में खेलते हुए दिखाई देंगे.

श्रेयस अय्यर का खेलना फिटनेस पर निर्भर

श्रेयस अय्यर को टीम में रखने के साथ भारतीय बोर्ड ने यह भी साफ कर दिया है कि सीरीज में उनका खेलना पूरी तरह से फिटनेस पर निर्भर करेगा. उन्हें बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से फिटनेस क्लीयरेंस मिलना बाकी है.

मोहम्मद शमी फिर हुए नजरअंदाज



घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले दिग्गज तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को एक बार फिर नजरअंदाज कर दिया गया है. शमी इन दिनों बंगाल के लिए विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 में खेल रहे हैं. सामने आई कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि शमी को न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में मौका मिलना लगभग तय था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ.

न्यूजीलैंड सीरीज के लिए भारत का वनडे स्क्वॉड

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (उपकप्तान)*, वॉशिंगटन सुंदर, रवींद्र जड़ेजा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जयसवाल.

वनडे सीरीज का शेड्यूल

बता दें कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी, जिसकी शुरूआत 11 जनवरी से होगी. पहला मुकाबला वडोदरा में खेला जाएगा. इसके बाद सीरीज का दूसरा मुकाबला 14 जनवरी को राजकोट में होगा. फिर तीसरा और अंतिम मैच 18 जनवरी को इंदौर के होल्कर क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

## हरियाणा के जींद से चलेगी देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन, जानिए कब होगा फाइनल ट्रायल?

**हरियाणा**

**भारत** में रेलवे के इतिहास में एक नया अध्याय लिखने की तैयारी पूरी हो चुकी है. देश की पहली हाइड्रोजन गैस से चलने वाली ट्रेन जींद से सोनीपत के बीच दौड़ने के लिए तैयार है. इसी सप्ताह जींद रेलवे स्टेशन पर इस अत्याधुनिक ट्रेन के लोड चेक का फाइनल ट्रायल किया जाएगा. सफल ट्रायल के बाद प्रधानमंत्री कार्यालय से अंतिम मंजूरी मिलते ही यह पर्यावरण के अनुकूल ट्रेन नियमित रूप से पटरी पर दौड़ने लगेगी.

हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाली यह ट्रेन अत्याधुनिक तकनीक से लैस है और इसकी अधिकतम रफ्तार 150 किलोमीटर प्रति घंटा होगी. रेलवे अधिकारियों के अनुसार, 9 किलोग्राम पानी से 900 ग्राम हाइड्रोजन ईंधन तैयार होगा, जिससे ट्रेन 1 किलोमीटर तक का सफर तय करेगी.

जींद रेलवे स्टेशन पर स्पेन की ग्रीन एच कंपनी द्वारा हाइड्रोजन गैस उत्पादन का अत्याधुनिक प्लांट तैयार किया गया है, जिसे प्रधानमंत्री कार्यालय से मंजूरी मिल चुकी है।

## प्रदूषण को लेकर सरकार सख्त, कब तक लागू रहेंगे GRAP के नियम?

**नई दिल्ली**

दिल्ली में वायु प्रदूषण को लेकर भले ही हालिया दिनों में कुछ राहत नजर आई हो, लेकिन सरकार और प्रशासन किसी भी तरह की ढील देने के मूड में नहीं हैं. ग्रैप के तहत लागू प्रतिबंधों को लेकर साफ कर दिया गया है कि हालात पूरी तरह सामान्य होने तक जमीन पर एक्शन पहले जैसा ही जारी रहेगा.

बीते तीन महीनों के दौरान किए गए चालान और जब्ती की संख्या प्रशासन की सख्त नीति को दशार्ती है.दिल्ली सरकार और संबंधित एजेंसियों ने स्पष्ट किया है कि वायु गुणवत्ता में थोड़े सुधार के बावजूद ग्रैप के प्रावधानों को कमजोर नहीं किया जाएगा.

अधिकारियों को दिए गए सख्त निर्देश

अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे



नियमित रूप से फील्ड में रहकर निगरानी करें। खासतौर पर निर्माण गतिविधियों, औद्योगिक इकाइयों और वाहनों से होने वाले उत्सर्जन पर पैनी नजर रखी जा रही है.

तीन महीनों में 12 लाख से अधिक वाहनों के चालान

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार पिछले तीन महीनों में प्रदूषण फैलाने वाले 12 लाख से अधिक वाहनों का चालान किया गया है. इनमें बिना वैध प्रदूषण प्रमाणपत्र, तय मानकों से अधिक धुआं छोड़ने वाले और प्रतिबंधित श्रेणी में आने वाले वाहन शामिल हैं. परिवहन और ट्रैफिक विभाग की संयुक्त कार्रवाई में यह आंकड़ा सामने आया है.

ओवरएज वाहनों पर कड़ा शिकंजा

अभियान के दौरान 10 साल से पुराने डीजल और 15 साल से पुराने पेट्रोल वाहनों पर विशेष फोकस किया गया. नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर न सिर्फ चालान किया गया, बल्कि कई मामलों में मौके पर ही वाहन जब्त कर लिए गए. प्रशासन का मानना है कि ओवरएज वाहन प्रदूषण का बड़ा स्रोत बने हुए हैं.

7 हजार से ज्यादा गाड़ियां जब्त

तीन महीने की अवधि में 7 हजार से अधिक वाहनों को जब्त किया गया है. अधिकारियों के मुताबिक यह कदम इसलिए उठाया गया ताकि नियम तोड़ने वालों में डर पैदा हो और लोग सिर्फ जुमार्ना भरकर दोबारा उल्लंघन न करें. जब्त किए गए वाहनों में निजी कारों से लेकर व्यावसायिक वाहन भी शामिल हैं.

निर्माण और तोड़फोड़ साइट्स पर भी कार्रवाई

सिर्फ वाहनों तक सीमित न रहते हुए प्रशासन ने निर्माण और तोड़फोड़ गतिविधियों पर भी सख्ती दिखाई। कई सीएंडडी साइट्स को नियमों के उल्लंघन पर बंद किया गया धूल नियंत्रण के इंतजाम न होने और तय दिशानिर्देशों का पालन न करने पर संबंधित एजेंसियों पर कार्रवाई की गई।

## माघ मेले को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ की बैठक

### अफसरों को फील्ड पर उतरने के निर्देश

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माघ मेले और आगामी त्योहारों को देखते हुए शुक्रवार को अपने सरकारी आवास 5 कालिदास मार्ग पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक की और कानून व्यवस्था के संबंध में समीक्षा की. सीएम योगी ने अधिकारियों के निर्देश दिए कि वो फील्ड पर उतरकर काम करें ताकि किसी श्रद्धालु को असुविधा न हो.

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सुचारू आयोजन राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी. किसी भी स्थिति में अराजकता को बढ़ावा न मिले और सभी श्रद्धालु सुरक्षित वातावरण में स्नान एवं पूजा कर सकें इसकी व्यवस्था हो.

मेला क्षेत्र में व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, चित्रकूट, हापुड़ (गढ़मुक्तेश्वर), मथुरा-वृंदावन, फरुर्खाबाद, शाहजहांपुर सहित



माघ मेला से जुड़े सभी प्रमुख जनपदों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं के आवागमन, घाटों व मंदिर परिसरों की स्वच्छता, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, कंट्रोल रूम, भीड़ प्रबंधन एवं मेला क्षेत्र में प्रवेश-निकास की सुगम व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

प्रयागराज में पौष पूर्णिमा पर अनुमानित 15 से 25 लाख श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को विशेष रूप से सुदृढ़ की जाए. अस्पतालों, मेडिकल स्टाफ, एम्बुलेंस, स्वच्छ शौचालय, पेयजल एवं महिला सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए. घाटों पर गोताखोरों की पर्याप्त तैनाती रहे ताकि किसी भी आपात स्थिति से तत्काल निपटा जा सके.


महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान

महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि मेला क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थलों पर संदिग्ध एवं अराजक तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

## तेज रफ्तार कार ने डिलीवरी बॉय को रौंदा, मौत, 3 दिन बाद भी आरोपी फरार

**मुरादाबाद**

**उत्तर प्रदेश** के मुरादाबाद में एक दर्दनाक हादसे में तेज रफ्तार कार ने दो डिलीवरी बॉयज को कुचल दिया. हादसे में एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल है. मझोला थाना इलाके में हुए इस हादसे के तीन दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस अब तक कार सवार किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है, जिससे परिजनों और स्थानीय लोगों में



गुस्सा बढ़ता जा रहा है.

घटना 30-31 दिसंबर की रात की है, जब बुद्धि विहार क्षेत्र स्थित कंपनी के वेयरहाउस से सामान लेकर ललित चंद्रा अपने सहयोगी के साथ स्कूटर से डिलीवरी के लिए निकले थे. जैसे ही वे बुद्धि विहार से मझौला चौराहे की ओर बढ़े, सामने से आ रही तेज रफ्तार अर्टिगा कार ने उनके स्कूटर को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटर काफी दूर तक घिसटते हुए चला गया. हादसे में स्कूटर चला रहे ललित चंद्रा का पैर बुरी तरह टूट गया, जबकि पीछे बैठे उनके सहयोगी के पैर में भी गंभीर फ्रैक्चर हुआ. आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि कार सवार वाहन छोड़कर फरार हो चुके थे।

## प्रयागराज: 44 दिन के माघ मेले का आगाज

### पौष पूर्णिमा के पहले स्नान में लाखों लोगों ने लगाई डुबकी

**प्रयागराज**

**प्रयागराज** संगम की पावन रेती पर 44 दिनों तक चलने वाले माघ मेले का शुभारंभ शनिवार (3 जनवरी)को पौष पूर्णिमा के पहले स्नान के साथ हो गया है. देश के कोने-कोने से आए लाखों श्रद्धालु संगम तट पर पहुंचकर आस्था की डुबकी लगा रहे हैं.

अब तक लाखों श्रद्धालु संगम स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित कर चुके हैं. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माघ मास में कल्पवास करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है, इसी आस्था के चलते बड़ी संख्या में कल्पवासी अगले 44 दिनों तक संगम तट पर रहकर साधना और भक्ति में लीन रहेंगे.

**लाखों लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी**

माघ मेले के अवसर पर मेला अधिकारी ऋषि राज ने भी बताया कि श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए सारी तैयारियां कर ली गई हैं. उन्होंने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि पौष पूर्णिमा के शुभ अवसर पर माघ मेला शुरू हो चुका है. सुबह 8 बजे तक लगभग 65 लाख श्रद्धालु पवित्र स्नान कर चुके थे. श्रद्धालु और कल्पवासी बड़ी संख्या में आ रहे हैं और विभिन्न घाटों पर स्नान कर रहे हैं.

श्रद्धालुओं की सुरक्षा के व्यापक इंतजाम

श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को लेकर प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं. करीब 8 किलोमीटर लंबा स्नान घाट तैयार किया गया है, जहां डीप वॉटर बैरिकेडिंग लगाई गई है. संगम नोज पर एनडीआरएफ, जल पुलिस और पीएसी के जवानों को अलर्ट मोड पर तैनात किया गया है.

पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी के लिए 300 से अधिक एआई आधारित सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं. इसके साथ ही संगम नोज पर वॉच टावर बनाया गया है, जहां से पुलिसकर्मी 24 घंटे पूरे मेला क्षेत्र पर नजर रख रहे हैं.

**मौके का जायजा ले रहे हैं प्रशासनिक अधिकारी**

प्रशासनिक अधिकारी सुबह से ही ग्राउंड जीरो पर मौजूद रहकर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं और श्रद्धालुओं से संवाद कर उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान कराया जा रहा है. आवागमन को सुचारु बनाए रखने के लिए पांटून पुल नंबर एक और महावीर मार्ग को झूंसी की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए खोला गया है, जबकि दूसरे पांटून पुल को झूंसी से



मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आरक्षित किया गया है.

**इस दिन होगा मौनी अमावस्या का प्रमुख स्नान**

इस बार मेला क्षेत्र में कुल 9 पांटून पुलों का उपयोग किया जा रहा है. आगामी 14 जनवरी को मकर संक्रांति का स्नान और 18 जनवरी को मौनी अमावस्या का प्रमुख स्नान होगा, जिसमें 3 से 5 करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है. 44 दिनों तक चलने वाले इस माघ मेले में कुल 6 अमृत स्नान होंगे. पूरे मेले के दौरान 12 से 15 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना जताई जा रही है.

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं लखनऊ से माघ मेले की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और मेला पूरी तरह सुरक्षित, सुव्यवस्थित और श्रद्धालु-अनुकूल बना रहे।

# अव्यवस्थाओं से संत समाज में आक्रोश, प्रशासन पर गंभीर आरोप

● पौष पूर्णिमा स्नान अव्यवस्थाओं के बीच शुरू, श्रद्धालु नाराज

● निजी संसाधनों से टेंट लगाने को मजबूर कल्पवासी, व्यवस्था पर सवाल

**अखंड भारत संदेश**



प्रशासनिक सहयोग के अभाव में कल्पवासी स्वयं बल्ली और तिरपाल लगाकर ठहराव की व्यवस्था करते हुए

**प्रयागराज।** प्रयागराज में 3 जनवरी से माघ मेला 2026 का शुभारंभ हो चुका है, लेकिन शुरूआत के साथ ही मेला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। श्रद्धा, तप और आस्था के इस महापर्व में साधु-संतों, कल्पवासियों और सांस्कृतिक संस्थाओं को भूमि आवंटन व बुनियादी सुविधाओं के अभाव में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संत समाज का आरोप है कि वे बीते एक महीने से दिन-रात मेला प्रशासन के कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं की कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही। आरोप है कि 16-16 घंटे तक भटकने के बाद भी समाधान न मिलने से क्षुब्ध संतों को न्याय की गुहार लगाने के लिए मेलाधिकारी कार्यालय के इर्द-गिर्द भटकना पड़ रहा है, जो प्रशासनिक संवेदनहीनता को उजागर करता है।

कृषक उत्थान सेवा समिति कौंधियारा-करछना के सचिव अरुण त्रिपाठी ने बताया कि उनकी संस्था का शिविर पिछले 20 वर्षों से लगातार माघ मेले में लगता आ रहा है, लेकिन इस वर्ष भूमि आवंटन के लिए एक महीने से चक्कर लगाने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही। वहीं 65 वर्षीय श्रद्धालु शंकर देव त्रिपाठी ने कहा कि माघ मेला संतों के बिना अधूरा है, लेकिन आज उन्हीं संतों और कल्पवासियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है।

उधर, शनिवार को पौष पूर्णिमा स्नान अव्यवस्थाओं के बीच शुरू हुआ। करछना तहसील के सेक्टर-7 के कल्पवासी मोहन जी महाराज ने बताया कि वे पिछले 20 वर्षों से निरंतर कल्पवास कर रहे हैं, लेकिन इस बार जैसी अव्यवस्था पहले कभी नहीं देखी। श्रद्धालुओं का आरोप है कि प्रशासनिक सहयोग न मिलने के कारण उन्हें अपने निजी संसाधनों से टेंट, बल्ली और घेरा लगाने को मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे माघ मेले की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

## जमीनी विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई को मारी गोली, घायल



**मऊआइमा।** जमीनी विवाद को लेकर बड़े भाई ने छोटे भाई पर तमंचा से फायर कर दिया गनीमत रही कि गोली गर्दन और चेहरे से छू कर निकल गई। छर्रा गर्दन में लग जाने से घायल हो गया। सूचना पर पहुची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के विसानी उर्फ शिकोहाबाद निवासी मुकंद लाल पुत्र राम सिंह का कथन है कि उसके बड़े भाई मुकेश से उस का जमीनी विवाद चल रहा है।आरोप है दोनों भाइयों से जमीनी विवाद है उसी को लेकर बड़ा भाई मुकेश कुमार ने तमंचा से फायर कर दिया गनीमत रही कि गोली चेहरा और गर्दन से छू कर निकल गई। जिसका छर्रा गर्दन और चेहरे को घायल कर दिया। वही सूचना पर पहुची पुलिस ने मुकंद लाल को सी एच सी मऊआइमा में भर्ती करा दिया है।

## संदिग्धावस्था में युवक का फासी से लटका मिला शव



**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** थाना क्षेत्र के कटका गांव में शनिवार सुबह सुनसान घर में संदिग्ध परिस्थितियों में 28 वर्षीय युवक का फंदे पर लटकता हुआ शव मिला। जानकारी मुताबिक उक्त गांव निवासी अंजनी गुप्ता पुत्र ननकऊ गुप्ता बीते 1 साल से गांव के सामने हाईवे के बगल फुल्की की दुकान खोलने का काम करता था। दुकान के पास में उसका दो कमरा घर भी बना था। लेकिन यहां पर कोई नहीं रहता था। अंजनी दुकान बंद करने के बाद समान समेंट कर दो कमरे के घर में रखकर गांव में रहने के लिए चला जाता था। शनिवार सुबह वह रोजाना की तरह दुकान खोलने घर से निकला। लेकिन देर तक वह दुकान नहीं खोला तो आसपास के लोग पूछने लगे। जानकारी होने पर उसके पिता वहां पर आ गए और घर में जाकर देखा तो वह फंदे पर लटका हुआ था। मृतक तीन भाई व एक बहन में सबसे छोटा लड़का था। 3 साल पहले उसकी शादी हुई थी। पुलिस शव पोस्टमार्टम भेजते हुए जांच में जुटी है।

## घर में हिस्से को लेकर हुई पंचायत में मार पीट मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके में एक महिला को घर हिस्सा न देने पर हो रही पंचायत के दौरान महिला और उसके परिजनों को मार पीट कर जख्मी कर दिया गया। महिला ने जेठ सहित पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम तेजपुर निवासनीय नेहरा देवी पत्नी राजेन्द्र कुमार का आरोप है कि उसके ससुरालजनों द्वारा घर से निकाल दिया गया।घर में हिस्सा मांगने पर गालियां दी जाती थी।नेहा देवी का आरोप है कि घर में हिस्सा पाने के लिए उसने अपने भाई आदि को बुलाकर पंचायत करा रही थी। आरोप है कि इसी दरम्यान ससुरालियों द्वारा गालियां दी गई और मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी गई।नेहा देवी ने मऊआइमा थाने में देवर धर्मेंद्र कुमार,जेठ शैलेन्द्र कुमार, ननद शीला देवी,पति के मामा गोरे लाल,छोटे लाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

## ग्यारह जनवरी से जेपीएल 26 का होगा आगाज

विधायक मेजा संदीप पटेल करेंगे उद्घाटन

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** विगत वर्ष की भांति नए वर्ष के उपलक्ष्य में 2026 क्रिकेट टूनार्मेंट जमुआ प्रीमियर लीग की शुरूआत इस बार ग्यारह जनवरी से होगी, जिसका उद्घाटन संदीप पटेल मेजा से सपा विधायक करेंगे। इस बार लीग की विजेता टीम ट्रॉफी के साथ नगद ईनाम राशि से सुशोभित की जाएगी और उप विजेता टीम को भी सम्मानजनक राशि से पुरस्कृत करने का लीग कमेटी ने फैसला लिया है। मेजबान टीम जमुआ के कैप्टन अमर सिंह ने बताया कि क्षेत्र में युवाओं के अंदर खेल की प्रतिभा का सम्मान करने व एक प्लेटफार्म देने के उद्देश्य से इस लीग को कराया जा रहा है ग्रामीण क्षेत्र से क्रिकेट के कोहिनूर अपना जलवा पिच पर दिखाकर अपनी खेल प्रतिभा से ग्रामीण क्षेत्र को गौरान्वित कर सकें। अमर सिंह ने बताया कि खेल के सारे नियम लीग में शामिल होने वाली संबंधी टीमों को सूचित कर दिया गया है और लीग की नई कमेटी गठन भी किया गया जिसमें मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र सिंह और कमेंट्री राजीव, कमल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। खेल मैदान को समतल कर पिच को अंतिम रूप दे दिया गया है। विशिष्ट अतिथि के रूप में सपा नेता सोमदत्त पटेल, विजय डेरी से अजीत सिंह, विजय बहादुर सिंह व क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजेश पटेल समेत सम्मानित क्षेत्रीय संभ्रांत जनों एवं खेल प्रेमियों को आमंत्रित किया गया है।

## प्रेम का झांसा देकर शोषण का आरोप, छात्रा ने युवक के खिलाफ दी तहरीर

**करछना।** करछना थाना क्षेत्र की एक युवती ने अपने प्रेमी पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने इस संबंध में करछना थाने में लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

युवती के अनुसार वह एडीए नैनी क्षेत्र में कमरा लेकर पढ़ाई कर रही थी। इसी दौरान करछना थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक ने मिस्ड कॉल के जरिए उससे संपर्क किया। बातचीत बढ़ने पर युवक ने शादी का वादा किया और विश्वास में लेकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता का आरोप है कि युवक ने करीब दो वर्षों तक शादी का झांसा देकर उसका शोषण किया।

जब युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया तो युवक ने इनकार कर दिया। खुद को ठगा महसूस करने पर पीड़िता थाने पहुंची। थाना प्रभारी करछना ने बताया कि तहरीर मिली है और मामले की जांच की जा रही है।

## शिविर में त्रिशूल स्थापना का उद्देश्य आध्यात्मिक ऊर्जा का जागरण, धर्म की रक्षा : श्रीमहंत तुलसी महाराज

**सहसों।** पौष पूर्णिमा से गंगा यमुना सरस्वती के पवन तट पर लगने वाले माघ मेले स्थित स्वामी अड़गड़ानंद जी के शिविर में शनिवार शाम विधि-विधान के साथ त्रिशूल की स्थापना की गई, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। इस अवसर पर साधु-संतों के अलावा सैकड़ों की संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे। वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बीच त्रिशूल की स्थापना संपन्न हुई। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार त्रिशूल भगवान शिव का प्रमुख अस्त्र है, जो सृष्टि के संरक्षण, संतुलन और नकारात्मक शक्तियों के विनाश का प्रतीक माना जाता है। आश्रम के श्रीमहंत तुलसी महाराज ने बताया कि त्रिशूल स्थापना का उद्देश्य आध्यात्मिक ऊर्जा का जागरण, धर्म की रक्षा और मानव जीवन में सदाचार एवं संयम का संदेश देना है। स्वामी अड़गड़ानंद जी के अनुयायियों का मानना है कि इस स्थापना से आश्रम परिसर और इसमें आने वाले भक्तों के जीवन में सकारात्मक वातावरण बनेगा और



साधकों को साधना में विशेष लाभ मिलेगा। शिविर के प्रबंधक मुन्ना सिंह ने बताया कि पूरे माघ शिविर में भंडारे का आयोजन किया जाता है। बता दें कि काली मार्ग पर लगने वाला अड़गड़ानंद स्वामी का शिविर इस बार परेड ग्राउंड स्थित प्रशासनिक पंडाल के बगल में स्थित है। त्रिशूल स्थापना के दौरान राम सिंह, डी एन शुक्ल, मुन्ना सिंह, केपी सिंह, दीपू सिंह, अमित सिंह, विद्यासागर सोनकर एमएलसी सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

## औद्योगिक क्षेत्र में युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप

**नैनी।** नैनी औद्योगिक थाना क्षेत्र के विशंभरपुर गांव में शनिवार को एक युवक का शव नहर के पास मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर मौके पर पहुंची औद्योगिक पुलिस ने शव की शिनाख्त कर परिजनों को जानकारी दी और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही मृतक की पहचान विशंभरपुर गांव निवासी मोहित लाल (20) पुत्र चिरौजीलाल के रूप में हुई है। बताया गया कि मोहित एक दिन पहले घर से निकला था जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। वही शनिवार सुबह गांव के पास नहर में युवक का शव उतराता हुआ दिखाई दिया जिसकी सूचना ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस और परिजनों को दी। फिलहाल युवक की मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है और मामले की गहन जांच की जा रही है। औद्योगिक थाना प्रभारी विपिन कुमार पाल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## छोटी बात पर महिला को गोली मारने की धमकी, वीडियो वायरल होने से मचा हड़कंप

**कौंधियारा।** यमुनापार के कौंधियारा थाना क्षेत्र में एक महिला को छोटी सी बात पर गोली मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है, जिसने कानून-व्यवस्था और सामाजिक संवेदनशीलता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह मामला कौंधियारा थाना क्षेत्र के ग्राम टिकरी का बताया जा रहा है। घटना से संबंधित एक वीडियो शुक्रवार की शाम सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हुआ, हालांकि वायरल वीडियो की आधिकारिक पुष्टि दैनिक भास्कर द्वारा नहीं की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक युवक अपनी पत्नी के ससुराल आया हुआ था। इसी दौरान किसी बात को लेकर उसकी गाड़ी से हिमांशु नामक युवक को जोरदार धक्का लग गया। इस घटना से हिमांशु आक्रोशित हो गया और मौके पर मौजूद महिला से विवाद करने लगा। आरोप है कि आवेश में आकर उसने महिला को गोली मारने की धमकी तक दे डाली। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई और मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और मामले की जांच शुरू की। थाना प्रभारी कौंधियारा कुलदीप शर्मा ने बताया कि पूरे प्रकरण को गंभीरता से लिया गया है। आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है और किसी को भी कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

वहीं आरोपी हिमांशु का कहना है कि उसने गुस्से में आकर ऐसा बयान दे दिया था और उसका किसी को नुकसान पहुंचाने का इरादा नहीं था। उसने अपने शब्दों के लिए खेद भी जताया है। बावजूद इसके, ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की धमकियां समाज में भय का माहौल पैदा करती हैं और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता उत्पन्न करती हैं। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चचार्एं हो रही हैं।

# 03 से 30 जनवरी, 2026 तक प्रयागराज में भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का होगा आयोजन

संस्कृति विभाग के माध्यम से ख्याति प्राप्त कलाकारों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम पेश किए जायेंगे- जयवीर सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के अंतर्गत संस्कृति निदेशालय के अधीन कार्यरत स्वायत्तशासी संस्थाओं द्वारा माघ मेला-2026 के पावन अवसर पर दिनांक 03 से 30 जनवरी, 2026 तक प्रयागराज में भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा एवं आध्यात्मिक चेतना के त्रिवेणी संगम का सजीव प्रतीक होगा।प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि त्रिवेणी संगम की पुण्यभूमि प्रयागराज में आयोजित माघ मेला प्राचीन काल से हीतप, साधना, स्नान, दान एवं सत्संगकी परंपरा का केंद्र रहा है। इसी आध्यात्मिक ऊर्जा से अनुप्राणित होकर आयोजित होने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ शास्त्रीय, लोक एवं भक्ति परंपराओं के माध्यम से भारतीय जीवन दर्शन और सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त अभिव्यक्ति प्रदान करेंगी।उन्होंने बताया कि संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा कला एवं साहित्य जगत से जुड़े अतिविशिष्ट एवं ख्यातिलब्ध कलाकारों के चयन एवं मानदेय निर्धारण की प्रक्रिया के अंतर्गत विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें शास्त्रीय संगीत (ध्रुपद, खयाल), वाद्य संगीत (सितार, सरोद, बाँसुरी, पञ्चनाद, वाद्यवृंद), शास्त्रीय नृत्य एवं नृत्य-नाटिका (कथक, ओडिसी), लोकनृत्य (ढेढिया, करमा, मयूर, फरुवाही, अवध लोकनृत्य, फूलों की होली, पाई डण्डा), भजन, कबीर वाणी, सुंदरकांड, शंख वादन, शास्त्रीय / उप-शास्त्रीय गायन, भजन एवं देशभक्ति प्रस्तुतियाँ सम्मिलित होंगी।इस अवसर पर जयवीर सिंह, माननीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री, उत्तर प्रदेश ने कहा कि माघ मेला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय आत्मा की जीवंत अभिव्यक्ति है। संस्कृति निदेशालय द्वारा आयोजित ये सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ हमारी शास्त्रीय एवं लोक परंपराओं को आध्यात्मिक चेतना से जोड़ते हुए जनमानस में संस्कार, समरसता और सांस्कृतिक गौरव का भाव जाग्रत करेंगी। प्रयागराज की पावन भूमि पर कला और अध्यात्म का यह संगम ह्यएक भारत-श्रेष्ठ भारतह्न की भावना को और सुदृढ़ करेगा।प्रयागराज में आयोजितमाघ मेला-2026 के अंतर्गत सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परंपराओं को और अधिक गरिमा प्रदान करने के उद्देश्य से देश के सुप्रसिद्ध एवं ख्यातिलब्ध सेलेब्रिटी कलाकारों को आमंत्रित किए जाने का प्रस्ताव है। इन कलाकारों की प्रस्तुतियाँ लोक, भक्ति, शास्त्रीय एवं समकालीन संगीत की विविध विधाओं के माध्यम से माघ मेले की सांस्कृतिक संध्याओं को विशेष रूप से आकर्षक, भावपूर्ण एवं स्मरणीय बनाएँगी। कलाकारों में सुप्रसिद्ध लोकगायिकामालिनी अवस्थी, शास्त्रीय एवं भक्ति संगीत की चर्चित गायिका ममता जोशी, मैहर घराने की परंपरा से जुड़ामैहर बैंड (उत्तम पाण्डेय), भजन सम्राट अनूप जलोटा तथा युवा वर्ग में अत्यंत लोकप्रिय आध्यात्मिक लोक फ्यूजन समूह कबीर कैफे सम्मिलित हैं। मकर संक्रांति के उपरांत ऋषि सिंह, मौनी अमावस्या के उपरांत सुरेश शुक्ला, प्रतिभा सिंह बघेल एवं पियूषा कैलाश, जबकि बसंत पंचमी के अवसर पर सैम वर्कशॉप, साधो बैंड, शिवम मिश्रा (अंदाज बैंड), स्वाति मिश्रा एवं आकांक्षा त्रिपाठी जैसी विशिष्ट प्रतिभाओं द्वारा प्रस्तुतियाँ कराया जाना प्रस्तावित हैं।इन सेलेब्रिटी कलाकारों की सहभागिता से माघ मेला-2026 कला, संस्कृति और अध्यात्म के महाउत्सव के रूप में प्रतिष्ठित होगा। श्रद्धालुओं, साधु-संतों, पर्यटकों एवं कला-प्रेमियों को संगम तट पर भारतीय संस्कृति की जीवंत, भावनात्मक और आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त होगी, जिससे माघ मेले की गरिमा एवं सांस्कृतिक महत्ता और अधिक सुदृढ़ होगी।माघ मेला-2026 की ये सांस्कृतिक संस्थाएं श्रद्धालुओं, साधु-संतों, पर्यटकों एवं कला-प्रेमियों को भारतीय संस्कृति की आध्यात्मिक गहराइयों और लोक परंपराओं की समृद्ध धरोहर से जोड़ेंगी। यह आयोजन ह्लकला के माध्यम से अध्यात्मह्व की अवधारणा को साकार करते हुए भारतीय संस्कृति के शाश्वत मूल्यों सत्य, करुणा, भक्ति एवं समरसता को व्यापक स्तर पर प्रसारित करेगा। प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन ने अपने संदेश में बताया कि माघ मेला हमारी प्राचीन संस्कृति का हिस्सा है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी श्रद्धालु को असुविधा न हो, इसका ध्यान रखा जाए।

# अरैल यादव बस्ती प्रयागवाली टोला में गंदगी का अंबार

**नैनी।** नैनी अरैल क्षेत्र स्थित यादव बस्ती प्रयागवाली टोला में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। नालियों के आसपास फैली गंदगी से स्थानीय लोगों में गंभीर बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई है लेकिन नगर निगम प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। इस संबंध में भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय श्रीवास्तव आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यादव बस्ती में लंबे समय से साफ-सफाई नहीं होने के कारण नालियां जाम हैं। और चारों ओर दुर्गंध फैली हुई है जिससे आम नागरिकों का जीवन प्रभावित हो रहा है। संजय श्रीवास्तव ने नगर निगम नैनी प्रशासन, महापौर प्रयागराज, नगर आयुक्त एवं जिला प्रशासन से मांग की कि तत्काल प्रभाव से सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए ताकि बीमारियों को फैलने से रोका जा सके और नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से बचाया जा सके।



# विधायक राजमणि कोल ने आम जनता व समर्थकों के बीच सादगी से मनाया अपना जन्मदिन

कोरांव विधानसभा का चतुर्दिक विकास ही मेरे राजनैतिक जीवन का लक्ष्य





**पसना।** भाजपा से लगातार दूसरी बार निर्वाचित कोरांव विधानसभा के विधायक राजमणि कोल ने 2 जनवरी को अपनी यौमे पैदाइश का दिन अपने निवास धौखर के परमसुख आदिवासी इंटर कॉलेज के प्रांगण में भाजपा कार्यकताओं,समर्थकों,पत्रकारों व गरीब दलित जनता के बीच बहुत ही सादगी पूर्ण लहजे में मनाया। इस मौके पर विद्यालय परिसर में स्थित मंदिर पर सुंदरकांड का पाठ आयोजित किया गया जिसमें विधायक ने सपत्नीक पूजा अर्चना कर क्षेत्र की जनता के कल्याण की कामना की। अपने निवास के आसपास वह दूर से आई हुई गरीब महिलाओं को विधायक की ओर से ठंड से बचाव हेतु कंबल वह मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पत्रकारों को सम्मानित करते हुए विधायक ने उन्हें कलम का सच्चा सिपाही बताते हुए अपनी ओर से डायरी व कलम भेंट की। जन्मदिन की शुभकामनाएं देने वालों में प्रमुख रूप से भाजपा यमुना पार के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला जी वरिष्ठ भाजपा नेता रामेश्वर द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह भाजपा कोराव के मंडल अध्यक्ष बबुआन द्विवेदी, भाजपा के पूर्व जिला मंत्री व अपर शासकीय अधिवक्ता अनिल मिश्रा वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञान नारायण कनौजिया संजय सिंह अखंड पांडे महिला नेता संतरा देवी,मंडल अध्यक्ष रामराज पटेल एवं क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्ति व ग्रामीण मौजूद रहे।

## पुष्कर सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क बाटे गये छात्र छात्राओं कों शैक्षणिक सामग्री

**अखंड भारत संदेश**

**उतरांव।** भारत की पहली महिला शिक्षका महान समाजसुधारक सावित्रीबाई फुले की जयंती पर पुष्कर सेवा संस्थान द्वारा उतराव क्षेत्र के निमिथरिया गांव मे स्थित के. डी. पब्लिक इंटर कालेज मे शनिवार कों बहुत ही हर्षोल्लास के साथ जयंती मनाई गयी।जयंती कार्यक्रम मे पुष्कर सेवा संस्थान के अध्यक्ष व समाजसेवी अशोक कुमार पुष्कर व उपस्थित सभी लोग सावित्रीबाई फुले की चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुऐ दीपप्रज्वलित कर सभी लोग नमन किया। पुष्कर सेवा संस्थान के अध्यक्ष समाजसेवी अशोक कुमार पुष्कर द्वारा सावित्रीबाई फुले की जन्मदिन पर लगभग पांच सौ छात्र छात्राओं कों निःशुल्क पेन कॉपी और मिष्ठान वितरण किया। समाजसेवी पुष्कर ने कहा





सावित्रीबाई फुले महिला शिक्षा की नीव रखी उन्हें क्रांतिज्योति और नारी शिक्षा की अग्रदूत कहा जाता है। सम्मान और स्वाभिमान लाने के लिए आजीवन संघर्ष किया। महिलाओं के लिए औपचारिक शिक्षा शुरू करने के ऐतिहासिक भूमिका निभाई। अपने पति ज्योतिराव फुले के साथ मिलकर पुणे मे लड़कियों के लिए स्कूल खोला। आज पूरा देश उन्हें यादकर नमन कर रहा है।समाजसेवी ने कहा पुष्कर सेवा संस्थान का उद्देश्य गरीब असहाय छात्र छात्राओं कों पढ़ाई मे सहयोग करना है। शिक्षा के प्रति जागरूक करना ताकि कोई भी छात्र छात्रा शिक्षा से वंचित न हो।शिक्षा से ही परिवार गाँव मे एकता और भाईचारा बढ़ता है। समाजसेवी द्वारा के. डी. कालेज के अध्यापक व अध्यापिका कों पेन व उपहार देकर सम्मानित किया। पेन कॉपी व मिष्ठान पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे पर खुशी देखी गयी। वही अध्यापक व अध्यापिका द्वारा पुष्कर सेवा संस्थान की प्रशंसा की। कहा की शिक्षा प्राप्त करना सभी कों जरूरी है। शिक्षा के प्रति सहयोग करने वाला सच्चा और ईमानदार समाजसेवी होता है। कार्यक्रम मे पुष्कर सेवा संस्थान के अध्यक्ष व समाजसेवी अशोक कुमार पुष्कर, आनन्द कुमार पुष्कर, आरिदम पुष्कर, देवीशंकर पुष्कर, रवि, लालजी, फूलचंद, अंकित कुमार, आचार्य रजनीश तिवारी, समाजसेवी अभिषेक पुष्कर, आदि उपस्थित रहें। कालेज के प्रबंधक डॉ. नागेंद्र कुमार सिंह, व प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह द्वारा पुष्कर सेवा संस्थान के अध्यक्ष समाजसेवी अशोक कुमार व आये हुऐ सभी लोगों स्वागत कर आभार प्रकट किया।कार्यक्रम का सॉंचलन अध्यापक दिनेश कुमार ने किया।

# पौष पूर्णिमा स्नान पर्व पर आस्था का जनसैलाब

## 31 लाख श्रद्धालुओं ने लगाई पावन संगम में डुबकी

### प्रशासनिक सतर्कता से माघ मेला रहा पूर्णतः सुरक्षित व सुव्यवस्थित









**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** माघ मेले के प्रथम स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के पावन अवसर पर शनिवार को श्रद्धा और आस्था का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं का निरंतर प्रवाह संगम तट की ओर बना रहा। रात्रि 8 बजे तक लगभग 31 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाई, जिनमें लगभग 5 लाख कल्पवासी भी सम्मिलित रहे।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने हेतु सभी वरिष्ठ अधिकारी कल रात्रि से ही मेला क्षेत्र में सक्रिय रहे। अपर पुलिस महानिदेशक संजीव गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक अजय मिश्र, मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, पुलिस कमिश्नर प्रयागराज जोगिंदर सिंह, अपर पुलिस आयुक्त अजयपाल शर्मा, जिलाधिकारी मनीष वर्मा, मेलाधिकारी ऋषिराज तथा मेला पुलिस अधीक्षक नीरज पांडेय द्वारा लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं की निगरानी की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।प्रशासन द्वारा की गई सतर्क, सुनियोजित एवं समन्वित व्यवस्थाओं के परिणामस्वरूप पौष पूर्णिमा का प्रथम स्नान पर्व बिना किसी अप्रिय घटना के शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ तथा सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया।

श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए माघ मेला क्षेत्र में इस वर्ष कई नवाचार किए गए। 17 नंबर पार्किंग से लेटे हनुमान जी मंदिर तक संचालित गोल्फ कार्ट सेवा का लगभग 9,500 श्रद्धालुओं ने लाभ उठाया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को यह सेवा निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। इस पहल से वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं एवं दिव्यांग श्रद्धालुओं को विशेष सहूलियत मिली।इसके अतिरिक्त, विभिन्न पिकअप प्वाइंट से माघ मेला क्षेत्र के समीपस्थ पार्किंग स्थलों तक श्रद्धालुओं को शीघ्र पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित रैपिडो बाइक सेवा के माध्यम से लगभग 10,000 बुकिंग की गईं, जिससे श्रद्धालुओं को कम समय में सुगमता के साथ मेला क्षेत्र तक पहुंचने में सहायता मिली।

प्रशासनिक अधिकारियों की सतत उपस्थिति, प्रभावी निगरानी एवं अभिनव व्यवस्थाओं के कारण पौष पूर्णिमा का प्रथम स्नान पर्व पूर्णतः सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिससे श्रद्धालुओं में संतोष और विश्वास की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई।

## हर हर गंगे के साथ चनेथू के युवाओं ने किया संगम स्नान



**जंघई।** प्रयागराज के त्रिवेणी संगम गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के मिलन स्थल में पवित्र डुबकी लगाना, जो हिंदू धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे पापों से मुक्ति, आत्मा की शुद्धि, मोक्ष की प्राप्ति, और दुर्भाग्य दूर करने वाला माना जाता है, खासकर माघ मेले और महाकुंभ के दौरान इसका विशेष महत्व होता है। संगम स्नान का महत्व और धार्मिक मान्यता शास्त्रों के अनुसार, संगम स्नान से जन्म-जन्मांतर के पाप धुल जाते हैं और जीवन को आध्यात्मिक उन्नति मिलती है इसे मोक्ष का द्वार माना जाता है, जिससे आत्मा शुद्ध होती है और स्वर्ग की प्राप्ति होती है। माना जाता है कि इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और शरीर को ऊर्जा मिलती है और पितरों पूर्वजों की आत्मा की शांति और कल्याण के लिए भी श्रद्धालु स्नान करते हैं। हर साल पौष पूर्णिमा से शुरू होकर महाशिवरात्रि तक प्रयागराज में माघ मेले के दौरान लाखों श्रद्धालु संगम स्नान करते हैं। इसी क्रम में चनेथू पड़ान गांव के युवाओं में डब्बू पांडेय, यश पांडेय, शिवम पांडेय, नीलेश पांडेय, नीरज पांडेय ने पौष पूर्णिमा के अवसर पर शनिवार संगम स्नान किया।

## मेजा के मुकेश शुक्ला बने 69वीं स्कूल नेशनल वॉलीबाल के मुख्य प्रशिक्षक

**मेजा।** स्थानीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मेजारोड में कार्यरत मुकेश शुक्ला को उत्तर प्रदेश सरकार के शिक्षा विभाग के राज्य विद्यालयी क्रीड़ा संस्थान द्वारा आंध्र प्रदेश राज्य के कड़प्पा में 5 से 9 जनवरी 2026 तक स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (SGFI) द्वारा आयोजित होने वाली 69वीं राष्ट्रीय स्कूल बालिका वॉलीबाल चैंपियनशिप में मुख्य प्रशिक्षक कोच नियुक्त किया गया है। वॉलीबाल के पूर्व खिलाड़ी मुकेश शुक्ला जो राज्य स्तर के वॉलीबाल रेफरी हैं साथ ही साथ वॉलीबाल खेल की अंतरराष्ट्रीय संस्था (FIVB) द्वारा संचालित लेवल-1 की परीक्षा पास कर क्वालीफाइड कोच हैं। विदित हो कि इससे पूर्व भी मुकेश शुक्ला को कई बार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी उत्तर प्रदेश टीम के प्रशिक्षक कोच की जिम्मेदारी सौपी जा चुकी है। एक कुशल प्रशिक्षक के रूप में मुकेश शुक्ला ने वर्ष 2023 में बेस्ट बंगाल कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय वॉलीबाल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। मुकेश शुक्ला को इस वर्ष पुनः राष्ट्रीय वॉलीबाल



मुकेश शुक्ला

चैंपियनशिप में बतौर प्रशिक्षक कोच की जिम्मेदारी सौंपी जाने पर स्थानीय मेजा क्षेत्र के साथ साथ पूरे प्रयागराज जनपद के क्रीड़ा जगत में जश्न का माहौल है। मुकेश शुक्ला को पुनः इस वर्ष राष्ट्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में मुख्य प्रशिक्षक की जिम्मेवारी सौपी जाने पर जिला वॉलीबाल संघ एवं ओलंपिक संघ के विभिन्न पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ खिलाड़ियों ने बधाइयां देकर उनके उज्वल भविष्य की जहां कामना की है। वहीं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अनिल कुमार, खंड शिक्षाधिकारी वरुण मिश्रा,जिला एमडीएम प्रभारी राजीव त्रिपाठी, हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता सुशील मिश्रा, जिला ओलंपिक संघ के प्रभात कुमार राय, जिला वॉलीबाल संघ के जॉर्डन.एचनाथ पूर्व सदस्य भारतीय वॉलीबाल टीम बीएल यादव,अंगद राय, बीएच जैदी, मनोज राय, रणविजय सिं, ई.नित्यानंद उपाध्याय, अभिषेक तिवारी राज्य विधि अधिकारी उच्च न्यायालय, राजू शुक्ला वरिष्ठ समाजसेवी, आशीष मिश्रा अधिवक्ता उच्च न्यायालय, पप्पू उपाध्याय अध्यक्ष व्यापार मंडल, भोला गौतम ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि, तुलसीदास तिवारी, आंनद चौबे, तथा दिलीप शुक्ला आदि के अलावा कई अन्य लोगों ने बधाई दी है।

## पुनीत कार्य समाज में आपसी सहयोग और संवेदना की भावना को हैं बढ़ाते : डॉ केपी श्रीवास्तव

### भीषण ठंड में मेजारोड स्थित ओझा आयरन स्टील संस्थान के निदेशक प्रभा शंकर ओझा (रिंकू ओझा) के नेतृत्व में आयोजित हुआ कंबल वितरण समारोह कार्यक्रम,





कंबल वितरण कार्यक्रम में विधायक डा केपी श्रीवास्तव को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते प्रभा शंकर ओझा

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** भीषण ठंड एवं शीत लहर के मद्देनजर शनिवार को मेजारोड स्थित ओझा आयरन स्टील संस्थान के निदेशक प्रभा शंकरओझा (रिंकू ओझा) के नेतृत्व में क्षेत्र के गरीबों असहायों एवं जरूरतमंदो को कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि प्रयागराज के विधायक डा केपी श्रीवास्तव तथा विशिष्ट अतिथि एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ उक्त दोनों अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। तत्पश्चात बड़ी संख्या में मौजूद गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को ठंड से राहत पहुंचाने के लिए कंबल वितरित किए गए। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक एवं ओझा आयरन स्टील संस्थान के निदेशक प्रभा शंकर ओझा (रिंकू ओझा) ने जरूरतमंदों को अपना परिवार बताते हुए उन्हें सम्मानित किया और कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर रहने वाले लोगों तक मदद पहुंचाना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। उनका मानना है कि जब तक जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान नहीं आती ऐसे कार्यक्रम चलते रहेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ. केपी श्रीवास्तव ने कंबल वितरण करते हुए कहा कि ठंड के इस मौसम में गरीब और असहाय लोगों की मदद करना हम सभी का नैतिक और मानवीय दायित्व है। ऐसे सामाजिक कार्य न सिर्फ मानवता को मजबूत करते हैं, बल्कि समाज में आपसी सहयोग और संवेदना की भावना को भी बढ़ाते हैं। उन्होंने ओझा आयरन स्टील संस्थान परिवार द्वारा किये गए इस पुनीत कार्य को बेहद सराहनीय बताया और समाज के अन्य लोगों को भी इस प्रकार के पुनीत कार्य से प्रेरणा लेने की बात कही। इसी क्रम में एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि सामाजिक सहयोग से ही समाज को मजबूत बनाया जा सकता है और जरूरत मंदों की मदद में हम सभी को बढ़ चढ़कर आगे आना चाहिए। इस मौके पूर्व ब्लॉक प्रमुख मेजा प्रेमशंकर शुक्ला,ई नित्यानंद उपाध्याय, राजेश द्विवेदी, राजू समदरिया, शिव उपाध्याय, अभिषेक तिवारी (टिंकू), रामशिरोमणि तिवारी, विजय कांत मिश्र, राज वल्लभ तिवारी, बबन द्विवेदी,फतेबहादुर सिंह, अनिल शुक्ला आदि के अलावा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। गौरतलब है कि कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने आयोजक प्रभा शंकर ओझा एंड परिवार की खुले दिल से प्रशंसा की और कहा कि ऐसे आयोजन ठंड के मौसम में गरीबों के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं।

## बभनी के मां दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित हुआ कंबल वितरण दिव्यांग सम्मान समारोह एवं निःशुल्क कैंप



कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि इंद्रदेव शुक्ला (राजू भैया शुक्ला

**मेजा।** मेजा तहसील क्षेत्र के बभनी हेठार गांव में स्थित मां दुर्गा मंदिर परिसर में शनिवार को नीरज द्विवेदी (नेता जी) के कुशल नेतृत्व में दिव्यांग असहाय सम्मान समारोह एवं कंबल वितरण कार्यक्रम के साथ निःशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि क्षेत्र के चर्चित जनसेवक इंद्रदेव शुक्ला (राजू शुक्ला) रहे।

कार्यक्रम के आयोजक नीरज द्विवेदी ने बताया कि कैंप में मरीजों की कुल संख्या 517 थी। इस दौरान कार्यक्रम में क्षेत्र की असहाय महिलाओं को जहां कंबल और गर्म स्वेटर वितरित किया गया वहीं दिव्यांग लोगों को अंगवस्त्र और गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा लहरी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में आए हुए बच्चों को उत्कृष्ट पुरस्कार भी दिया गया। जनरल सामान्य ज्ञान के इस प्रतियोगिता में एक से लेकर कक्षा आठ तक के कुल 116 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर सुधाकर पांडे, शेषमणि शुक्ला, गांधी जी, केशव प्रसाद द्विवेदी, केशव प्रसाद द्विवेदी, अजय पाल, शशांक तिवारी तथा शिवम आदि के अलावा कई अन्य गणमान्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## अरैल क्षेत्र में डीसीपी ने माघ मेले की सुरक्षा परखी

**नैनी।** नैनी अरैल क्षेत्र में माघ मेले के पहले स्नान पर्व पौष पुर्णिमा पर यमुनापार डीसीपी विवेक चंद्र यादव ने मेले की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सुरक्षा के इंतजाम को देखा। डीसीपी ने मेले के आगामी पर्व की तैयारी के बारे में जानकारी दी। डीसीपी विवेक चंद्र यादव ने बताया कि थाना अरैल और उसके साथ थाना नैनी, थाना औद्योगिक मेला से संबंधित जो प्रमुख हमारे क्षेत्र हैं। यहां तमाम पुलिस बल की तैनाती की गई है। जितने भी महत्वपूर्ण बिंदु हैं। वहां ट्रेफिक संबंधी बिंदुओं, पैदल आने वाले श्रद्धालु को देखना है। उनकी सुगमता और सुरक्षा के लिए व्यवस्थाएं की गई है। पौष पूर्णिमा के दिन श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मेले में तमाम ड्रोन इत्यादि से निगरानी की जा रही है। इसके साथ-साथ जगह-जगह पर फिक्स्ड और पीटीजेड कैमरे भी लगे हैं। जिनको आई ट्रिपल सी के माध्यम से तथा अन्य जगहों से उसकी 24 घंटे निगरानी की जा रही है।

## देश की प्राचीन सभ्यता इतिहास व गौरव को दर्शा रहा कोरांव महोत्सव : गणेश केसरवानी

### डॉ शाहिद असिस्टेंट प्रोफेसर हृदय रोग स्वरूप रानी अस्पताल को चिकित्सा गौरव सम्मान से नवाजा गया

### गायक कलाकारों ने मचाई धूम, गौरव सम्मान एवं प्रतिभागियों को वितरित किए गए प्रमाण पत्र

**शहजादे**

**कोरांव।** कोरांव महोत्सव का आयोजन देश के गौरव इतिहास और प्राचीन परंपराओं को जागृत करने का उत्कृष्ट और समृद्ध मंच है। जो क्षेत्र के नौनिहालों को देश की प्राचीन परंपराओं के बारे में परिचित कराते हुए उन्हें खेल शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा दे रहा है। इतना ही नहीं देश के अंदर संस्कार संस्कृति लोक व्यवहार को भी बढ़ावा देने का काम यह मंच कर रहा है।

यह बातें प्रयागराज के महापौर गणेश उमेश केसरवानी ने कोरांव महोत्सव के आखिरी दिन शनिवार को सायं 7 बजे गौरव सम्मान एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देने के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही।

महापौर ने महोत्सव के संस्थापक आयोजक कृष्ण मुरारी द्विवेदी शशि द्विवेदी के इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस कार्य में जो भी सहयोग मुझसे बन पड़ेगा उसको भी करता रहूंगा। इसी तरह विशिष्ट अतिथि शहर उत्तरी विधायक हर्ष वाजपेई ने भी कोरांव महोत्सव को यमुनापार का सबसे बड़ा आयोजन बताया और कहा कि यह मंच क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखारने के साथ-साथ देश में अपना नाम रोशन कर रहा है जो काबिले तारीफ है। उन्होंने महोत्सव आयोजन समिति की भूरि




भूरि प्रशंसा की। अतिथियों के द्वारा मैराथन दौड़ कबड्डी लीग एवं अन्य प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कोरांव महोत्सव के संस्थापक संयोजक कृष्ण मुरारी द्विवेदी शशी द्विवेदी शशि ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया। कोरांव महोत्सव के आखिरी दिन गायक कलाकारों में तिवारी बंधु क्रमशः सुजीत तिवारी मनजीत तिवारी एवं राहुल शुक्ला टाइगर तथा सुर संग्राम की विजेता जौनपुर की गायिका भावना सिंह व प्रशांत विश्वकर्मा शेरा लोहार के गीतों पर दर्शक झूम उठे। यह कार्यक्रम और गीतों का दौर रात 9 बजे तक चलता रहा। कोरांव महोत्सव के आखिरी दिन की अध्यक्षता नगर पंचायत कोरांव के अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने की।

इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में प्रमुख रूप से आचार्य हरिकृष्ण शुक्ला, गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ मो साबिर अली, राजू शुक्ला, डॉ अनिल पांडेय, मिथिलेश शुक्ला संरक्षक, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष लल्लन तिवारी, पूर्व मंत्री कैलाश नाथ सिंह, उज्जवल रमण सिंह यूथ ब्रिगेड के संजय शर्मा, तुलसीदास राणा, विनय तिवारी सीएचसी कोरांव के अधीक्षक डॉ केबी सिंह समेत क्षेत्र के तमाम गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने इस कार्यक्रम की सराहना की।

**अंबुज तिवारी को कोरांव गौरव तो राजीव कांत तिवारी को मिला पत्रकार गौरव**

विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी कोरांव महोत्सव आयोजन समिति की ओर से गौरव सम्मान दिया गया। जिसमें शिक्षक गौरव महेंद्र प्रसाद मौर्य, खेल गौरव अंशिका मिश्रा, पत्रकार गौरव राजीव कांत तिवारी, साहित्य गौरव नीलम तिवारी, कृषक गौरव राम नारायण सिंह व समाज गौरव डॉ मोहम्मद शाहिद तथा कोरांव गौरव अंबुज तिवारी को दिया गया।

**चेयरमैन की मांग पर महापौर ने विकास कार्यो की घोषणा की**

कोरांव महोत्सव के आखिरी दिन बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे प्रयागराज के महापौर गणेश उमेश केसरवानी से नगर पंचायत कोरांव के अध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी ने कोरांव में जाम की समस्या के निजात की पहल करते हुए कहा कि कोराव बाजार का सरकारी बस स्टैंड अ टीवैध अड्डा बन गया है। नगर पंचायत में खेल का मैदान नहीं है क्रिकेट के खिलाड़ी हों अथवा किसी भी खेल के खिलाड़ी उनको भटकना पड़ता है। उन्होंने महापौर से कोरांव में जाम की समस्या को खत्म करने तथा खेल का मैदान निर्मित कराने व सरकारी बस स्टैंड को आधुनिक मार्केट बनाने और महिला अस्पताल बनवाए जाने की मांग रखी। जिस पर प्रयागराज के महापौर गणेश उमेश केसरवानी में नगर पंचायत कोरांव के अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी की सभी मांगों पर मुहर लगाते हुए कहा कि मां गंगा की कृपा रही तो मैं इस कार्य में लग जाऊंगा और जो भी यहां की समस्याएं हैं आज से वह मेरा मिशन बन चुका है। उस पर मैं लगातार काम करूंगा और इन समस्याओं को दूर कराने का हरसंभव प्रयास करूंगा।

# माइनर कीअधूरी सफाई बनी किसानों की मुसीबत

## डेदुआ माइनर में पानी छोड़े जाने से फसलें हुई जलमग्न

अखंड भारत संदेश



**पट्टी।** तहसील क्षेत्र के डेदुआ माइनर की समय से सफाई न होने के कारण शोभवा, बीबीपुर व बारडीह गांव के किसानों की फसलें पानी में डूब गई हैं। खेतों में जलभराव से फसलें खराब होने लगी हैं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है।गांव के किसान उदय मौर्य ने बताया कि माइनर की नियमित सफाई न होने से पानी की निकासी बाधित हो गई है। इसका सीधा असर किसानों की खड़ी फसलों पर पड़ा है, जो जलभराव के कारण नष्ट होने की कगार पर हैं।वहीं गांव के अन्य किसान सुरेंद्र, महेंद्र, नागेंद्र सहित कई लोगों ने प्रशासन से माइनर की तत्काल सफाई कराए जाने की मांग की है। किसानों ने जिले के उच्च अधिकारियों का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकृष्ट कराते हुए कहा कि यदि शीघ्र सफाई नहीं कराई गई तो उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द डेदुआ माइनर की पूरी तरह सफाई कराकर जलनिकासी सुनिश्चित की जाए, जिससे फसलों को बचाया जा सके।

## शराब की दुकान से चोरी की घटना निकली झूठी

**पट्टी।** आसपुर देवसरा विकासखंड क्षेत्र के सदहा बाजार स्थित शराब की दुकान में हुई चोरी की घटना पुलिस की पड़ताल में झूठी निकली। दुकान के सेल्समैन ने चोरी की फर्जी तहरीर दी थी। कोहराव निवासी सुनील वर्मा सदहा स्थित शराब की दुकान में सेल्समैन है, बृहस्पतिवार को सेल्समैन ने दुकान में चोरी होने की तहरीर पुलिस को दी थी। तहरीर में बताया कि चोरों ने बुधवार की दुकान की दीवाल काटकर 37 पेटी शराब चोरी की और 70हजार रुपए नगदी चोरी किए जाने की दुकान में लगे डीबीआर चोरी होने की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की शराब की दुकान में स्टाफ ठीक मिले और चोरी का साक्ष न मिलने पर पुलिस ने सेल्समैन को फटकार लगाई। पुलिस की पूछ-ताछ में आरोपी ने बताया कि दुकान में चोरी नहीं हुई है, उसने झूठी तहरीर दी थी। पुलिस ने सेल्समैन से लिखित स्पष्टीकरण लिया है। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि चोरी की फर्जी तहरीर सेल्समैन द्वारा दी गई थी। जांच में मामला झूठा साबित हुआ।

# क्रिकेट टूर्नामेंण्ट में अधिवक्ता टीम को विजेता खिताब, खुशी




**लालगंज।** नगर के अझारा वार्ड में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेण्ट में शनिवार को अधिवक्ता टीम व नगर पंचायत टीम के बीच खेला गया मैच रोमांच से भरपूर रहा। रोमांचक मुकाबले में अधिवक्ता टीम ने नगर पंचायत टीम को शिकस्त दी। मैच में टास जीतने के बाद अधिवक्ता टीम के कप्तान दीपेन्द्र तिवारी ने पहले बैटिंग करने का फैसला किया। निर्धारित सात ओवरों में चार विकेट खो कर अधिवक्ता टीम ने अटठावन रन बनाये। टीम की तरफ से विनोद ने पन्द्रह रन व श्रीश पाण्डेय ने बारह रन का योगदान दिया। जबाब में जीत के लिए उन्सठ रन बनाने को मैदान में उतरी नगर पंचायत की टीम सात ओवरो मे नौ विकेट खोकर इक्यावन रन ही बना सकी। अधिवक्ता टीम को छः रनो से विजेता घोषित किया गया। ऑल राउण्डर विनोद को मैन आफ द मैच प्रदान किया गया। अम्पायर के रूप में श्वेत मिश्र, विकास मिश्र, केबिन मार्शल रहे। स्कोरर ललित मलिंगा और कमेंटेज्टर रोशन सिंह एवं दुर्गेश मिश्र रहे। आयोजन समिति के धर्मलाल, श्रीश पाण्डेय, अजय मिश्र, गणेश मिश्र, विद्याशंकर मिश्र, राजू पाण्डेय, राज सिंह, राज नारायण पाण्डेय, अभय दुबे आदि मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के रायपुर दुबे का पुरवा गांव निवासी सरदार गौतम 60 वर्ष की सड़क हादसे में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर सरदार गौतम सब्जी मंडी से सब्जी लेकर चरैया मोड़ पर बेचने जा रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान देर शाम उनकी मौत हो गई।मौत की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और अज्ञात वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

# सपा कार्यालय पर सावित्रीबाई फुले की धूमधाम से मनाई गई जयंती




अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शनिवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर क्रान्तिकारी शिक्षाविद सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। तत्पश्चात गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला सभा की पूर्व जिलाध्यक्ष गीता यादव व संचालन पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष मनीष पाल ने किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सावित्रीबाई फुले जी भारत की एक महान समाज सुधारक कवियित्री तथा प्रथम महिला शिक्षिका थी। उन्होंने अपने पति ज्योतिराव फुले के साथ मिलकर महिलाओं पिछड़ों एवं दलितों की शिक्षा एवं उत्थान के लिए बहुत काम किये। उन्होंने बाल विवाह तथा सती प्रथा जैसी कुरीतियों का घोर विरोध किया था। सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा के माध्यम से सामाजिक समानता लाने का काम किया, जिससे भारत के संविधान में भी समानता के मूल्यों को बढ़ावा मिला। उनके सम्मान में पुणे विश्वविद्यालय का नाम सावित्रीबाई फुले विश्वविद्यालय रखा गया। उन्हें आधुनिक मराठी काव्य की अग्रदूत भी माना जाता है। सभी समाजवादी साथियों को उनके दिखाए हुए रास्ते पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष निसार अहमद विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रामबहादुर पटेल अनिल मौर्या, विकास यादव इमरान सभासद विजय गौतम मुमताज प्रदीप यादव उत्तम सिंह प्रदीप कनौजिया प्रवेश मौर्या सुशील पाल सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।




## उमरवैश्य धर्मशाला में कंबल वितरण समारोह का हुआ आयोजन

**प्रतापगढ़/ चिलबिला।** शनिवार को उमरवैश्य धर्मशाला में कंबल वितरण किया गया। जिसमें सर्वप्रथम मां भवानी के ऊपर माला पहनाकर एवं दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि के रूप में रामअजोर बैध के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें ठंड से बचने के लिए महिला एवं पुरुषों को कंबल वितरण किया गया। जिसमें अनेकों लोगों को लाभ प्राप्त हुआ। कंबल वितरण में धर्मशाला के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, धर्मशाला अध्यक्ष श्रवण कुमार, मंत्री बसंतलाल, कोषाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार एवं धर्मशाला उपाध्यक्ष मनोज कुमार एवं पूर्व युवजान भाजपा जिला अध्यक्ष रवि गुप्ता आयब्य निरीक्षक राजकुमार एवं धर्मशाला के आजीवन सदस्य प्रकाश गुप्ता के द्वारा सैकड़ो की संख्या में महिलाओं एवं पुरुषों को कंबल वितरण किया गया। दीपा, दिव्या, उमा देवी, रुचि, रामकुमार, बजरंगी, माता प्रसाद, शंकरलाल, सन्नो, विजय कुमार, संजीव कुमार सचिन कुमार किशोर कुमार सूर्यकुमार आदि अनेक लोगों को लाभान्वित किया गया।

# मुसाफिरखाना में साथियों के उत्पीड़न पर गरजे वकील, किया प्रदर्शन

## अधिवक्ताओ ने न्यायिक कामकाज से विरत रहने का भी प्रस्ताव पारित किया

अखंड भारत संदेश




**प्रतापगढ़।** पडोसी जिले अमेठी के मुसाफिरखाना तहसील में एसडीएम तथा वकीलों के बीच हुए विवाद को लेकर शनिवार को यहां वकीलों का पारा भी चढ़ा दिखा। दीवानी न्यायालय गेट पर एकत्रित हुए वकीलों ने नारेबाजी करते हुए आक्रोश जताया। वही अधिवक्ताओ ने न्यायिक कामकाज से विरत रहने का भी प्रस्ताव पारित किया। आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की अगुवाई में वकीलों ने पुलिस व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि मुसाफिरखाना में साथी अधिवक्ता एसडीएम की कार्यशैली से नाराज होकर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। उन्होने कहा कि ऐसे में एसडीएम के इशारे पर वहां लेखपालो ने धरना प्रदर्शन में जबरिया व्यवधान उत्पन्न किया। अधिवक्ताओं ने एसडीएम मुसाफिरखाना अविनाश कनौजिया के शासन से निलंबन की भी मांग उठाई है। आमसभा की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश पाण्डेय व संचालन पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र ने किया। इस मौके पर उमेश नारायण तिवारी, सत्येन्द्र सिंह, हरिदत्त तिवारी, शिवकुमार गुप्ता, सूर्यपाल रजक, अजय सिंह, बद्रीविशाल पुष्पाकर, करूणाशंकर मिश्र, प्रदीप तिवारी, आशुतोष सिंह, विभूति शुक्ला आदि अधिवक्ता रहे।

# शनि पूर्णिमा पर शनिदेव धाम पर आयोजित हुआ विशाल भण्डारा



**प्रतापगढ़।** जनपद मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूरी स्थित कुशफरा में प्राचीन न्याय के देवता भगवान शनि देव मंदिर पर प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी शनि पूर्णिमा के पर्व पर समाज के लोगों के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन रहा। इस दौरान भंडारे में पहुंचकर जहां पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया वहीं भारी तादाद में श्रद्धालु न्याय के देवता शनिदेव का दर्शन पूजन अर्चन कर मिन्नतें मांगी। आयोजित भंडारे में मामाग्रातो फाउंडेशन के ट्रस्टी साधना यादव और अश्वनी उपाध्याय अपनी पूरी टीम के साथ श्रद्धा और भक्ति से सेवाओं में लग रहे। इस दौरान शनि देव के महंत एवं पुजारी मंगलाचरण महाराज व्यवस्थाओं का जायजा लेते देखें गये। मंगलाचरण महाराज ने कहा कि यह आयोजन शनि देव की कृपा प्राप्त करने और समाज के सभी वर्गों को एक साथ लाने के उद्देश्य से किया जाता है। उन्होंने बताया कि शनि पूर्णिमा, शनिवार के दिन, और शनि जयंती पर बड़े पैमाने पर होता है। भंडारे में न केवल भोजन प्राप्त करना महत्वपूर्ण होता है,बल्कि सेवा देना भी महत्वपूर्ण माना जाता है।

## सेवा निवृत्ति शिक्षक के घर में तोड़फोड़, जबरन दीवाल बनाने का आरोप

**पट्टी।** मुंबई में रह रहे रिटायर्ड शिक्षक के बरामदे में पड़ोसी ने जबरन दीवार खड़ी कर दी। पूछने पर आमादा फौजदारी हो गए। घर में घुसकर तोड़फोड़ की। शिक्षक की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज किया है।आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी सोभनाथ यादव ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि वह रिटायर्ड शिक्षक है। परिवार समेत मुंबई में रहता है। बीते 10 अक्टूबर को उसका पड़ोसी अजय यादव जो अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। जिस पर आसपुर देवसरा वा सिंगरामऊ थाने में कई मुकदमे दर्ज हैं। उसके बरामदे में 12 फीट लंबी दीवार खड़ी कर दी। जानकारी होने पर शुक्रवार को वह घर पहुंचा। पूछने पर वह आमद फौजदारी हो गया। उसके घर में घुसकर तोड़फोड़ की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अजय यादव उसकी मां अमरावती तथा पत्नी इंद्रिशा के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# सात महीने में आधा दर्जन कोतवाल का हुआ तबादला

## इस दौरान एक इंस्पेक्टर के कार्यों की रही सराहना तो एक का रहा विवादों से नाता

रवींद्र मिश्रा

**बेलखरनाथ धाम।** आखिर पट्टी कोतवाली में महज सात महीने में आधा दर्जन कोतवाल आए और चले गए। इस बात की चर्चा लोगों की जुबान पर है। इन सात महीनों में यहां आए दो इंस्पेक्टरों की भी खूब चर्चा रही। जिसमें एक के कार्यकाल की सराहना हुई तो एक का विवादों से नाता भी रहा। सातवे इंस्पेक्टर आंनद पाल ने शुक्रवार को यहां का कार्य भार सम्भाल लिया है।पट्टी कोतवाली हमेशा चर्चा में रहती है।यहां पिछले 7 महीने में 6 इंस्पेक्टर आए और चले गए। इस दौरान कुछ इंस्पेक्टर का कार्यकाल एक माह, 15 दिन व 1 दिन भी रहा। जिसकी चर्चा इलाके में हमेशा होती रही।जिम्मेदार क्षेत्र में शांति व्यवस्था व अमन चैन बनाएं रखने के लिए पट्टी कोतवाली में कई इंस्पेक्टर भेजे लेकिन अपराधों पर नियंत्रण न कर पाने या विवादों के चलते उन्हें हटा दिया।इन सात महीनों में दो इंस्पेक्टर की चर्चा भी लोगों में खूब रही। जिसमें एक के अच्छे कार्यों की तो दूसरे की विवादों से नाता रहा। लेकिन वह दोनों भी ज्यादा नहीं रह सके और उनका भी ट्रांसफर हो गया।कोतवाली चलाने के लिए 2 अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक आधा दर्जन इंस्पेक्टर आए और चले गए। सातवे इंस्पेक्टर आंनद पाल सिंह ने अब कोतवाली की कमान संभाली है।इन सात महीनों में एक इंस्पेक्टर साहब पट्टी पहुंचे और रात में ही चलें गए महज तीन घंटे ही रहे। जिसकी चर्चा भी लोगों की जुबान पर खूब रही।

### यह सब आए और चले गए

2 अप्रैल 2025 को इंस्पेक्टर आलोक कुमार के जाने के बाद पट्टी कोतवाली की कमान अवन कुमार दीक्षित, आदित्य कुमार सिंह, सतेंद्र सिंह, पंकज कुमार राय, अभिषेक सिरोही को दी गई। लेकिन दो अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक ही इनका कार्यकाल रहा।सात महीने के अंदर सभी का ट्रांसफर हो गया।अब पट्टी कोतवाली की कमान आंनद पाल सिंह को दी गई।

# पुलिस की मौजूदगी में दो पक्षों में बवाल, हुई मारपीट

## मामला बढ़ता देख फरार हुए राजस्व विभाग की टीम

**बेलखरनाथ धाम।** पट्टी थाना क्षेत्र के कांधरपुर गांव में पुलिस व राजस्व कर्मियों की मौजूदगी में पैमाइश के दौरान दो पक्षों में जमकर मारपीट और ईंट पत्थर चले। इस दौरान मामला बढ़ता देख राजस्व कर्मी भाग निकले तथा मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी तमाशबीन बने रहे।घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। कोतवाली क्षेत्र के कांधरपुर गांव निवासी शारदा प्रसाद पांडे एवं अवधेश के बीच जमीनी विवाद काफी समय से चल रहा है। विवाद का निपटारा करने गयी राजस्व टीम के सामने दोनों पक्षों में विवाद शुरू हुआ और देखते ही देखते महिलाएं और बच्चे वहां पहुंच गए और मारपीट शुरू हो गई।मारपीट होते देख मौके पर मौजूद राजस्व कर्मी भाग खड़े हुए। इधर मौके पर मौजूद पुलिस मूकदर्शक बनी रही।



पुलिस की इस लापरवाह कार्यशाली को लेकर वहां मौजूद लोगों ने उन्हें खूब खरी खोटी सुनायी।दोनों पक्षों ने कोतवाली में तहरीर दी है।

### विद्यालय की संरक्षिका का निधन, जताया गया दुख

**प्रतापगढ़।** वर्मा नगर के समीप तिकोनिया गांव निवासिनी यमुना प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की संरक्षिका श्यामा देवी 95 का शनिवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वह विद्यालय के संस्थापक यमुना प्रसाद यादव की मां भी थी। श्यामा के निधन पर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा सांसद प्रमोद तिवारी ने दुख जताया है। वहीं ब्लाक प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, साहित्यकार लवलेश यदुवंशी, प्रधानाचार्य पारसनाथ वर्मा, शैलेन्द्र मिश्र, छोटे लाल सरोज, राजू यादव आदि ने भी श्यामा देवी के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है।

# जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक सम्पन्न

**प्रतापगढ़।** शनिवार को कांग्रेस मुख्यालय पार्टी कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी व संचालन जिला प्रवक्ता सुरेश मिश्र ने किया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर पूरे प्रदेश के सभी जनपदों में निगरानी समिति के लिए प्रभारियों के रूप में जिम्मेदारी दी गई। जिसमें जनपद प्रतापगढ़ से कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता एवं रामपुर खास की लोकप्रिय विधायक आराधना मिश्र मोना व जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामशिरोमणि वर्मा को पार्टी ने यह जिम्मेदारी सौंपी है। इसके बाद जिलाध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने नवनियुक्त जिला प्रभारी रामशिरोमणि वर्मा का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को कहा कि पंचायत चुनावों से लेकर आगामी 2027 में विधानसभा चुनाव भी होने हैं ऐसे में आप सभी अभी से अपने अपने बूथों को मजबूत करते हुए आमजन को कांग्रेस की सफल नीतियों और देश हित में किए गए कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास करें और बताएं कि वर्तमान भाजपा सरकार किस तरह से देश की जनता को छलने का कार्य कर रही है। इसके बाद कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ल ने कहा चुनावों के साथ चुनाव आयोग के द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे प्रक्रिया पर भी हमें अपनी निगाह बनाए रखनी है। किसी भी वोटर का वोट न कटने पाए ताकि हर एक वोटर अपने वोट का सही इस्तेमाल कर अपने भविष्य को संवारने में महत्त्वपूर्ण योगदान निभा सके.। चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ.दीपक शुक्ल ने कहा कि आज देश का युवा बेरोजगार है किसान परेशान है देश में महंगाई अपनी चरम सीमा पार कर चुकी है लेकिन भाजपा लोगों को गुमराह कर रही है। ऐसे में हम सभी पूरी ताकत के साथ आगामी चुनावों में जनता का विश्वास जीतेंगे और यह भरोसा दिलाएंगे कि आने वाली कांग्रेस की सरकार जनता की सरकार होगी। कार्यक्रम में मुख्यरूप से कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी जिला सचिव भानुमती कार्यालय सचिव रियाज सुल्तान जिला सचिव विजय प्रताप त्रिपाठी रवि सिन्हा जिला प्रवक्ता मासूम हैदर कांग्रेस सेवादल के उपाध्यक्ष राम रतन तिवारी कांग्रेस सेवादल के महासचिव भावनीशंकर दूबे जिला प्रवक्ता फतेह बहादुर सिंह, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष शुभम मिश्र सदर ब्लॉक अध्यक्ष मो.वसीम, मंगरौरा ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र मिश्र, सड़वा चंडिका ब्लॉक अध्यक्ष मो.कासिम सड़वा चंडिका मण्डल अध्यक्ष शुभम शुक्ल जिला सचिव धर्मराज सिंह जिला सचिव आशिक अली जिला सचिव लल्लू पाल,जिला सचिव मो.दिलशाद नगर सचिव अरबाज आलम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## कुएं में मिला विवाहिता का शव, हड़कंप

**प्रतापगढ़।** विवाहिता का शव कुएं में मिलने से हडकंप मच गया। मृतका के पति ने मृतका को मनोरोगी बताते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर उसे पीएम के लिए भेजवाया। लालगंज कोतवाली के राम सुंदर का पुरवा खजुरी गांव निवासी विपिन पाण्डेय की पत्नी अड़तीस वषीर्या रीता पाण्डेय का शव शनिवार की सुबह घर के समीप स्थित कुएं में मिला। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। पति के अनुसार मृतका रीता मनोरोगी थी। उसका इलाज चल रहा था। शुक्रवार की रात अचानक घर से गायब हो गयी। काफी खोजबीन के बाद अगले दिन कुएं में उसका शव मिला। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजवाया गया है, तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्णिमा व माघ मेले को लेकर लक्ष्मीगंज बाजार में लगा बैरियर




**प्रतापगढ़।** पूर्णिमा के दिन प्रयागराज के माघ मेले में श्रद्धालुओं के आने जाने में कोई असुविधा न हो, इस लिए एडिशनल एस.पी बृजनंदन राय जेठवारा पुलिस के साथ मान्धाता जेठवारा मार्ग, व कटरा गुलाब सिंह से प्रयागराज जाने वाले मुख्य मार्ग पर बैरियर लगा कर भारी बाहनों के जाने पर रोक लगा दिया है। एडिशनल एसपी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को निर्देश दिया कि अग्रिम आदेश तक प्रयागराज की ओर जाने वाले भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। थाना प्रभारी विजयकांत सत्यार्थी को यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

## आज जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे सांसद प्रमोद तिवारी

**लालगंज।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज रविवार को रामपुरखास के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। वह दिन में डेढ़ बजे लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे। इसके बाद सांसद प्रमोद तिवारी कार्यकताओं से मुलाकात करेंगे। इसके पहले वह दिन में एक बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन करेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी ननौती, सांगीपुर, रेहुआ लालगंज में भी विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

# माघ मेला : पुलिस अधीक्षक ने यातायात एवं रूट डायवर्जन का किया निरीक्षण

प्रयागराज के माघ मेला की व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए कौशांबी जिले की भारी पुलिस फोर्स को यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने में लगाया गया है



**कौशांबी** पड़ोसी जनपद प्रयागराज में होने वाले माघ मेला 2026 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा 3 जनवरी को कोखराज थाना क्षेत्र के बरीपुर मोड, कोखराज मोड एवं सकाढ़ा तिराहा पर यातायात व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान रूट डायवर्जन ड्यूटी में तैनात पुलिस बल की भी उन्होंने गहनता से जांच की निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने, यातायात को सुचारू रूप से संचालित रखने, किसी भी प्रकार की जाम की स्थिति उत्पन्न न होने देने तथा मेला अवधि में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने देने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा मौके पर उपस्थित वाहन चालकों से संवाद स्थापित कर उन्हें लागू रूट डायवर्जन की जानकारी दी गई एवं वैकल्पिक मार्गों के प्रयोग हेतु जागरूक किया गया, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। कौशांबी जनपद पुलिस द्वारा माघ मेलाझ2026 के दौरान यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतत निगरानी एवं प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित किया जा रहा है माघ मेला प्रयागराज को लेकर कौशांबी से ही यातायात व्यवस्थाएं सुचारू करने में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कौशांबी पुलिस लगी है जिससे प्रयागराज के माघ मेला में जाम की स्थिति न बन पाए और श्रद्धालुओं को आसानी से गंगा जमुना में स्नान करने की सुविधा मिल सके प्रयागराज के माघ मेला की व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए कौशांबी जिले की भारी पुलिस फोर्स को यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने में लगाया गया है निरीक्षण एवं भ्रमण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी व क्षेत्राधिकारी मंझनपुर मौजूद रहे।

## माघ मेला क्षेत्र की व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए एएसपी ने भी किया निरीक्षण



**कौशांबी** माघ मेला 2026 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा थाना कोखराज क्षेत्रांतर्गत बारीपुर बाईपास पर यातायात व्यवस्था में लगे पुलिस बल का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्क रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने, यातायात को सुचारू रूप से संचालित करने, किसी भी प्रकार की जाम की स्थिति न बनने देने तथा मेला अवधि में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इस सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## डायवर्जन प्वाइंट पर यातायात व्यवस्था में लगे पुलिस बल का सीओ ने किया निरीक्षण



**कौशांबी** माघ मेला 2026 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा थाना कोखराज क्षेत्रांतर्गत रोही मोड़, सकाड़ा तिराहा एवं बरीपुर डायवर्जन प्वाइंट पर यातायात व्यवस्था में लगे पुलिस बल का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान सीओ द्वारा ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्क रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने, यातायात को सुचारू रूप से संचालित करने, किसी भी प्रकार की जाम की स्थिति न बनने देने तथा मेला अवधि में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इस सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## जालसाज ने महिला के खाते से उड़ाए हजारों रुपए

**अझुवा कौशाम्बी** सैनी कोतवाली के आदर्श नगर पंचायत अझुंवा की एक महिला के खाते से एक जालसाज ने 8 मिनट में 20 हजार 7 सौ 50 रुपए पार कर दिया,महिला ने चौकी पुलिस को तहरीर देकर बताया 2 जनवरी शाम 7 बजे 7488112158 नंबर से उसके बैंक से लिंक मोबाइल नंबर पर फोन आया। रिसीव करने पर उक्त व्यक्ति ने बातचीत के दौरान उसके फोन पे से 5 बार में बीस हजार सात सौ पचास की धनराशि धोखाधड़ी कर निकाल लिया महिला ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## राशन कार्डधारकों से अपील विवाहित महिलाओं के यूनिट कराएं स्थानान्तरित : डीएसओ

**कौशांबी।** जिला पूर्ति अधिकारी मंगेश कुमार मौर्य ने सभी राशन कार्डधारकों से अपील की है कि विवाहित महिलाओं के यूनिट उनके ससुराल में जोड़ने के लिए विभागीय पोर्टल आपूर्ति कार्यालय में सम्पर्क कर यूनिट स्थानान्तरित कराए शासन द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आच्छादित महिलाओं का विवाह होने की स्थिति में ससुराल के राशन कार्ड में उनका यूनिट स्थानान्तरित किए जाने के निर्देश दिये गये है।





# सावित्रीबाई फूले की जयंती के अवसर पर सभा और रैली का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**हररायपुर कौशांबी** भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती समारोह का आयोजन चायल तहसील क्षेत्र के काजीपुर में बड़े ही धूमधाम से किया गया सावित्री बाई फूले के जन्मदिन के अवसर पर सभा के आयोजन के बाद रैली निकालकर उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डाला गया कार्यक्रम के दौरान चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई तथा मंच से उनके महान विचारों और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए संघर्षों पर विचार व्यक्त किए गए इस मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि सावित्रीबाई फुले जी का जीवन नारी शिक्षा, समानता और सामाजिक जागरूकता की प्रेरणादायी मिसाल है। उनके आदर्श आज भी समाज को सही दिशा दिखाने का कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर जिला कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष शिवमोहन मौर्य पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार चायल विधायक पूजा पाल जिला पंचायत सदस्य राम नरेश सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# अनाथ अकेली बालिका की संदिग्ध दशा में मौत

अखंड भारत संदेश

50 लाख रुपए की संपत्ति हड़पने की नीयत से कहीं बालिका को हटाया तो नहीं गया है



**महेवा घाट कौशांबी** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के राहुवन के डेरा में अनाथ अकेली एक बालिका की शुक्रवार की रात्रि को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है लेकिन अनाथ अकेली बालिका की मौत के बाद तमाम सवाल खड़े हो गए हैं बालिका के माता-पिता दोनों का 10 वर्षों पूर्व निधन हो चुका है बलिक अकेली रह गई थी इसके बाद से वह अकेली ही घर में रहती थी और मजबूरी में अपना जीवन यापन कर रही थी हालांकि उसके अपने ही लोगों का कहना है कि उसने दरवाजा बंद करके आत्महत्या कर लिया है और जंगला से देखने के बाद मालूम चला कि वह फांसी के फंदे से लटक रही है बालिका 50 लाख रुपए की संपत्ति की मालकिन थी कहीं संपत्ति हड़पने के लिए तो उसे दुनिया से नहीं हटाया गया है जो बड़ी जांच का विषय है जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत पश्चिम शरीरा के वार्ड नंबर एक राहुवन का डेरा गांव निवासी बदलू और उनकी पत्नी की मौत लगभग 10 वर्षों पहले हो गई है उनकी एक संतान सविता देवी थी जो इस समय लगभग 16 साल उम्र की है माता-पिता की मौत के बाद अनाथ हो चुकी बच्ची सविता घर में अकेली ही रहती थी उसकी मदद भी करने वाले कोई नहीं थे परिवार के लोग भी उसकी संपत्ति पर नजर लगाए थे और उसके खेतों से होने वाली फसल को भी ले लेते थे बताया जाता है कि अनाथ अकेली बालिका की संपत्तियों पर लोगों की नियत खराब थी इस बात को लेकर पहले भी कई बार बाद विवाद हुआ था शुक्रवार की रात्रि में सविता देवी उम्र 16 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है जब बालिका ने घर का दरवाजा नहीं खोला तो आसपास के लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं होने लगी और किसी आशंका के बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई है बताया जाता है कि एक खिड़की खुली थी जिससे झांक कर देखा गया तो सविता का शव रस्सी से बंधा हुआ था मामले की सूचना मिलते ही मौके में थाना पुलिस पहुंची है और बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है अनाथ अकेली बालिका की मौत के बाद गांव में तमाम तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं अनाथ अकेली बालिका की मौत के बाद तमाम सवाल खड़े हो गए हैं कि अनाथ अकेले लोगों का जीना दूभर है मामले में यदि पुलिस ने निष्पक्ष तरीके से जांच की तो बड़ी कहानी उजागर होने की उम्मीद है।

## न्यूज झरोखा

### राष्ट्रीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में भोपाल में जलवा बिखेरेगी धर्मा देवी इंटर कॉलेज की छात्र-छात्राएं



**कौशांबी** भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में कौशांबी के धर्मा देवी इंटर कॉलेज की छात्र-छात्राएं जलवा बिखरेगी राष्ट्रीय स्तर पर कई बार धर्मा देवी इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने जलवा बिखेर कर कौशांबी का नाम रोशन किया है आगामी 05 जनवरी से 09 जनवरी तक भोपाल में आयोजित होने वाली 69वीं राष्ट्रीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता के लिए धर्मा देवी इंटर कॉलेज केन कनवार के 06 छात्र छात्राओं की टीम अयोध्या के लिए शनिवार को रवाना हो गई है डॉ भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संस्थान अयोध्या से स्टेट कोच के साथ छात्र छात्राओं का दल भोपाल प्रस्थान किया जाएगा धर्मा देवी इंटर कॉलेज की छात्र-छात्राएं नई इबारत और नया आयाम स्थापित करेगी इसी शुभ कामना के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ राम किरण त्रिपाठी और उप प्रधानाचार्य राम शंकर सिंह ने छात्र छात्राओं को माल्यार्पण कर भोपाल में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए धर्मा देवी इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं को रवाना किया है धर्मा देवी इंटर कॉलेज की छात्र-छात्राओं की योग्यता पर सम्पूर्ण विद्यालय परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है इतना ही नहीं इसके पहले कई बार धर्मा देवी इंटर कॉलेज की छात्र-छात्राओं ने प्रदेश और देश स्तर पर अपना जलवा बिखेर कर विद्यालय के साथ जिले का नाम रोशन किया है

### भारतीय किसान यूनियन का जिला अध्यक्ष बनाए जाने के बाद अध्यक्ष ने किया हनुमान मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन




**कौशांबी** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत का जिला अध्यक्ष बनाए जाने के बाद नए जिला अध्यक्ष चंद्रभूषण ने बजरंगबली हनुमान जी के मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया है जहां हजारों लोगों ने बजरंगबली हनुमान जी का प्रसाद ग्रहण किया है नववर्ष के पावन अवसर पर 3 जनवरी को ग्राम टहेरा वार्ड नंबर 5 गांधी नगर, नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा के पावन भूमि पर बने बजरंग बली जी हनुमान जी के पावन मंदिर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया भंडारे में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष चंद्रभूषण वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह युवा जिला अध्यक्ष योगेंद्र कुमार, जिला महासचिव विनय कुमार त्रिपाठी मंझनपुर तहसील अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह जैसे पदाधिकारी मौजूद रहे साथ ही साथ जिले के तमाम कार्यकर्ता किसान रविकरन सिंह, कमल सिंह, वीरेन्द्र सिंह, रामचंद्र सिंह, अमर सिंह, राम सिंह, सुनील सिंह हरिश्चंद्र सिंह (भुनगा) संतोष सिंह, मोहन सिंह , राजकुमार सिंह, जय सिंह, सरवन सिंह, घनश्याम सिंह , राधेश्याम सिंह,नागेश सिंह,सुरेश सिंह, शिवराज सिंह, रमेश सिंह, धीरज सिंह, दिलीप सिंह, ज्ञान सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, सुन्दर लाल सिंह, राजेन्द्र सिंह, आकाश सिंह, प्रभाकर सिंह, बच्चा लाल सरोज, शिवराम सरोज, लवकुश विश्वकर्मी, उदयभान यादव, अजीत यादव, फूटू यादव सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे वा बजरंगबली हनुमान जी का श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया।

### विद्याथी परिषद के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर अशोक गजानन के निधन पर श्रद्धांजलि



**कौशांबी** अखिल भारतीय विद्याथी परिषद मंझनपुर के कार्यकर्ताओं ने अखिल भारतीय विद्याथी परिषद के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर अशोक गजानन मोड़क के निधन होने के पश्चात श्री दुर्गा देवी संस्कृत विद्यालय मंझनपुर में श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही सैकड़ो बटुकों ने शांति पाठ करके श्रद्धांजलि अर्पित की बीते दिन प्रोफेसर अशोक गजानन का निधन हो गया था 1940 में जन्मे अशोकराव को 2015 में भारत सरकार ने नेशनल रिसर्च प्रोफेसर के पद हेतु 5 वर्ष के लिए सम्मानित किया प्रखर बुद्धिमत्ता के धनी, कार्यकर्ताओं का सम्मान करने वाले अशोकराव ने विविध विषयों पर अनुसंधान करते हुए 104 शोध निबंध और 40+ पुस्तके लिखी हैं। देश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विविध विश्वविद्यालयों में व्याख्यान दिए हैं। शिक्षा क्षेत्र में निरपेक्ष भाव से कार्यरत रहते हुए अध्यापन, अनुसंधान तथा अभाविप के माध्यम से विद्याथी युवा विकास में सक्रीय रहे। गुरु घासीदास केंद्रिय विश्वविद्यालय बिलासपुर, छत्तिसगढ के कुलाधिपती का महत्वपूर्ण दायित्व संभाला।महाराष्ट्र विधान मंडल में ग्रेजुएट कांस्टीट्यूएंसी से विधायक भी रहे। दो दिन पूर्व ही चतुरंग प्रतिष्ठान इस महाराष्ट्र की सुप्रतिष्ठित संस्था का जीवन गौरव पुरस्कार भी मिला था। वहीं सरसवां मे तहसील सह संयोजक वंश केशरवानी सहित कार्यकर्ताओं नें श्रद्धांजली अर्पित की,पश्चिम शरीरा में नगर सह मंत्री अभिषेक त्रिपाठी के साथ कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजली अर्पित की सिराथू में प्रांत कायर्काराणी सदस्य आनन्द सिंह पटेल के साथ मिलकर श्रद्धांजली अर्पित की श्रद्धांजली सभा में आचार्य रविन्द्र नारायण पाण्डेय ,प्रांत सह मंत्री शिवबाबू चौधरी ,जिला संगठन मंत्री अश्वनी सिंह ,प्रांत विकासार्थ विद्याथी संयोजक सुशील सोनकर ,अभिराज सिंह, प्रांत कायर्कारिणी सदस्य गौरव मिश्रा ,इकाई अध्यक्ष गौरव मिश्रा, हर्षित जायसवाल उदयनरायण करवरिया ,आषीष प्रजापति ,जितेन्द्र पटेल ,अवधेश यादव उपस्थित रहे ।

# असली दिखाकर नकली सोना बेचने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

## बिहार के शातिर के कब्जे से बरामद हुई 41 पीली धातू का नकफूल

अखंड भारत संदेश

**महेवा घाट कौशांबी** बिहार के रहने वाले कुछ शातिर लोग इन दिनों कौशांबी में घूम रहे हैं और असली सोना बता कर नकली सोने का सामान लोगों को बेच रहे हैं इसी तरह का एक मामला महेवा घाट थाना क्षेत्र में प्रकाश में आया है जिस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर नकली सोने का सामान बरामद किया है महेवाघाट थाना क्षेत्र में 02 जनवरी 2026 को रोशन लाल पुत्र दीना नाथ निवासी डकशरीरा थाना महेवाघाट के घर एक व्यक्ति विताश खाने का सामान बेचने आया था जो उसकी माँ के नकफूल का पेच लगाने के बहाने उसे बदलकर उसी तरह का नकली पीतल का नकफूल दे दिया और उठकर तेजी से वहाँ से भागने लगा,महिला ने नकफूल को देखा तो वह तेजी से चिल्लाई कि यह नकफूल नकली है तब तमाम लोगों ने दौड़कर उसको पकड लिया मु0अ0सं0 03/2026 धारा 304(1)/319(2)/318(4) बीएनएस पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त जवाहर साहू उर्फ जवाहर शाह पुत्र बटहू साहू निवासी वार्ड नं09 हरपुर रेवारी थाना अनगार घाट जिला समस्तीपुर बिहार को गिरफ्तार किया गया अभियुक्त के कब्जे से 41पीली धातू का नकफूल बरामद हुआ विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया हैं।

## छिनैती के मोबाइल फोन के साथ अभियुक्त को सराय अकिल थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी** सराय अकिल थाना क्षेत्र के खोपा कटरा के पास 31 अगस्त 2025 को अरविन्द दिवाकर निवासी बन्थरी थाना सराय अकिल फोन पर बात करते हुये रोड पर चलते समय जा रहे थे बाइक सवार द्वारा झपट्टा मारकर उनका मोबाइल छीन लिया गया तथा मौके से फरार हो गये मु0अ0सं0 222/25 धारा 304(2) बीएनएस पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस टीम द्वारा सर्विलांस/तकनीकी साक्ष्यों की मदद से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त सोनू लोध पुत्र चन्दालाल निवासी इब्राहिमपुर थाना करारी को गिरफ्तार किया गया अभियुक्त के कब्जे से छिनैती की घटना से सम्बन्धित 01 मोबाइल फोन बरामद किया हुआ विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया हैं।

# करंट लगने से बंदर की मौत, हिन्दू संगठनों ने निकाली शवयात्रा



**कोखराज कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र अंतर्गत टीकरडीह गांव में करंट लगने से एक बंदर की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई। बंदर की मौत के बाद हिन्दू संगठनों ने इसे भावनात्मक विषय मानते हुए शवयात्रा निकाली बताया जा रहा है कि बंदर की मौत बिजली के करंट की चपेट में आने से हुई। इसके बाद हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं व स्थानीय ग्रामीणों ने मिलकर बैंड-बाजे के साथ बंदर की शवयात्रा निकाली। पूरे विधि-विधान और हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार अंतिम संस्कार किया गया। नगरपालिका परिषद भरवारी वार्ड न. 6 बाला जी नगर टीकरडीह मे बजरंग बली की आस्था रखने वाले ग्राम सभा के सभी सामाजिक कार्यकर्ताओ ने बन्दर की अथी को मानव की तरह संस्कार रूप मे उठा कर गंगा किनारे संदीपन घाट पर साज बाज और सभी लोगो ने अथी उठाकार उसका संस्कार किया ' जिसमे ग्राम सभा के लोगों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया ' विश्वहिंदू महासंघ के जिला मंत्री अशोक कोकिल किसान यूनियन से सुधीर द्विवेदी,दुर्गेश शुक्ल,बजरंग पाण्डेय ओमप्रकाश पटेल,धनपत पटेल वियोग पाण्डेय, प्रकाश पटेल मूलचंद पटेल गोली चंद पटेल, सोमू पाण्डेय, राहुल पाण्डेय एवं समस्त ग्राम सभा परिवार ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, इस कार्य को सुधीर द्विवेदीऔर द्विवेदी परिवार ने जनमानस को सत्य सनातन परिवार को एक जन सन्देश दिया शवयात्रा टीकरडीह गांव से प्रारंभ होकर अंतिम संस्कार स्थल तक पहुंची,जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। लोगों ने इसे सनातन संस्कृति और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता का प्रतीक बताया।घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं रहीं, वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन से खुले बिजली तारों और करंट की आशंका वाले स्थानों पर जल्द से जल्द सुधार कार्य कराए जाने की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पाटी का थामा दामन

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी** मंझनपुर स्थित कांग्रेस पाटी कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक शनिवार को संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने की मुख्यातिथि जोनल कॉडिर्नेटर एवं पूर्व विधायक चायल विजय प्रकाश मौजूद रहे और पाटी के जिला संयोजक राजेश साहनी भी इस बैठक में सम्मलित हुए.तदोपरांत संगीता कोरी ने कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर अपने सैकड़ों महिला कार्यकर्ताओं के साथ जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय व पूर्व विधायक चायल विजय प्रकाश की मौजूदगी में कांग्रेस सदस्यता ग्रहण की.! इसके बाद उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के द्वारा पूरे प्रदेश के जनपदों में एसआई आर निगरानी समिति के लिए प्रभारियों के रूप में जिम्मेदारी दी गई जिसमें जनपद कौशाम्बी से पूर्व विधायक विजय प्रकाश,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी व पूर्व अध्यक्ष नुसरत सलमान सरवर को पाटी ने यह जिम्मेदारी सौंपी है इसके बाद जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने नवनियुक्त प्रभारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया ! तत्पश्चात विजय प्रकाश ने पाटी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को कहा कि पंचायत चुनावों से लेकर आगामी 2027 में विधानसभा चुनाव भी होने हैं ऐसे में आप सभी अभी से अपने अपने बूथों को मजबूत करते हुए आमजन को कांग्रेस की सफल नीतियों और देश हित में किए गए कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास करें और बताएं कि वतर्मान भाजपा सरकार किस तरह से देश की जनता को छलने का कार्य कर रही है प्रमाण आपके सामने है जैसे महंगाई,बेरोजगारी स्वास्थ्य,शिक्षा के सवाल का जवाब भाजपा के पास नहीं है इस दौरान जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि आगामी चुनावों में पाटी का एक एक पदाधिकारी और कार्यकर्ता तैयार है देश और प्रदेश की जनता जान चुकी है कि वतर्मान भाजपा सरकार अपने हर कार्य में असफल है और लोगों के वोट चोरी कर सत्ता में बनी हुई है लेकिन यह अब ज्यादा दिन नहीं चलने वाला है ! इसके बाद जिला संयोजक राजेश साहनी ने कहा चुनावों के साथ चुनाव आयोग के द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे रक्क़प्रक्रिया पर भी हमें अपनी निगाह बनाए रखनी है कि किसी भी वोटर का वोट न कटने पाए ताकि हर एक वोटर अपने वोट का सही इस्तेमाल कर अपने भविष्य को संवारने में महत्त्वपूर्ण योगदान निभा सके.! पूर्व अध्यक्ष नुसरत सलमान सरवर ने कार्यक्रम में आई सभी महिलाओं को साल पहनाकर उनका स्वागत किया और कहा कि आज देश का युवा बेरोजगार है किसान परेशान है देश में महंगाई अपनी चरम सीमा पार कर चुकी है लेकिन भाजपा लोगों को गुमराह कर रही है ! ऐसे में हम सभी पूरी ताकत के साथ आगामी चुनावों में जनता का विश्वास जीतेंगे और यह भरोसा दिलाएंगे कि आने वाली कांग्रेस की सरकार जनता की सरकार होगी। कार्यक्रम में मुख्यरूप से वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष श्याम मूर्ति तिवारी,राजेंद्र त्रिपाठी,राम सूरत रैदास राजनारायण पासी,जिला महासचिव सुरेन्द्र शुक्ला,संतोष शुक्ला,शशि त्रिपाठी,शशि मिश्रा,आसिफ अल्वी,ब्लाक अध्यक्ष मंझनपुर प्रदीप सिंह पटेल,ब्लाक अध्यक्ष नेवादा रावेंद्र यादव,नगर अध्यक्ष शकील अब्बास,भरवारी नगर पालिका के अध्यक्ष विंदेश्वरी प्रसाद,बेलाल अहमद,कार्यालय प्रभारी हेमन्त रावत, सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय,रमेश चंद्र केशरवानी,नोखे लाल यादव,सुरेंद्र कुमार कमलेश मिश्रा,आबिदा बेगम,सोनी देवी,महारानी देवी,निमर्ली देवी प्रीति,शोभा निमर्ली,प्रेमा देवी, मीना देवी,श्याम कली,लालती देवी,रूपा देवी,सीता देवी,केशपति,अवधेश कुमार,बाबू लाल,छोटे लाल,इंद्र पाल,नरेंद्र कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे !

# सम्पादकीय

## गिग वर्कर्स की हड़ताल

**नए** साल की पूर्व संध्या पर देश में एक ऐसा वाकया हुआ, जिसकी कल्पना सुविधाभोगी संपन्न तबके ने नहीं की थी। 31 दिसंबर को देश भर के डिलीवरी करने वाले गिग वर्कर्स हड़ताल पर उतर आए। इसका मतलब यह हुआ कि स्विगी, जोमैटो, जेप्टो, ब्लिंकिट, अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसी कंपनियों से जुड़े हजारों डिलीवरी पार्टनर्स ने बुधवार को ऐप बंद करके काम रोका, जबकि यह दिन उनके लिए काम के लिहाज से सबसे व्यस्ततम दिनों में से एक होता है। कुछ साल पहले तक पड़ोस के परचून की दुकान वाला घर पहुंच सेवा दिया करता था। हालांकि उसमें कोई समयसीमा नहीं होती थी, फिर भी बुजुर्गों, अकेले रहने वालों या अन्य तरह से जरूरतमंदों के लिए यह बड़ी सुविधा होती थी। इसी चलन को मोबाइल ऐप्स पर आधारित कर एक नए किस्म का व्यवसाय खड़ा कर दिया गया। घर बैठे 10 मिनट में सारी चीजें मिलने लगीं, मानो कोई चिराग का जिन्न हो, जो आदेश देते ही उसे पूरा कर दे। पलक झपकते ही इच्छा पूरी होने वाली बात मुहावरे तक सीमित नहीं रही, उसे गिग वर्कर्स ने सच कर दिखाया। हालांकि इसमें उनके लिए जो खतरे बढ़े, उसे पहचानते हुए भी दूर करने की पहल नहीं की गई। इसलिए अब उन्हें हड़ताल पर उतरना पड़ा है।

यह हड़ताल तेलंगाना गिग एंड प्लेटफॉर्म वर्कर्स यूनियन यानी टीजीपीडब्ल्यूयू और इंडियन फेडरेशन ऑफ ऐप-बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यानी आईएफएटी के बैनर तले की गई। आईएफएटी ने केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया को लिखे एक खत में 10 मिनट की असुरक्षित डिलीवरी व्यवस्था पर रोक लगाने, सही मजदूरी देने, हाल ही में लागू नए श्रम कानूनों के तहत कंपनियों को नियमों में लाने और यूनियन बनाने तथा मोल-भाव करने के अधिकार को मान्यता देने की मांग की है। टीजीपीडब्ल्यूयू के नेता शेख सलाउद्दीन का कहना है कि प्लेटफॉर्म कंपनियां '10 मिनट डिलीवरी' का विकल्प पूरी तरह हटा दें, क्योंकि इससे कर्मचारियों पर बहुत दबाव पड़ता है और दुर्घटनाएं बढ़ती हैं। इसके साथ ही, पुरानी भुगतान व्यवस्था बहाल की जाए, जिसमें त्योहारों जैसे दशहरा, दीवाली और बकरीद पर अच्छा वेतन और भत्ता मिलता था। गौरतलब है कि इस साल की शुरूआत में सरकार ने सोशल सिक्योरिटी कोड को लागू किया, जिससे गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को पहली बार एक औपचारिक सुरक्षा व्यवस्था के दायरे में लाया गया। इससे इन कर्मचारियों का एक राष्ट्रीय डेटाबेस पर रजिस्ट्रेशन हो सकेगा और वे स्वास्थ्य, विकलांगता, दुर्घटना बीमा और बुढ़ापे की सहायता जैसी योजनाओं का फायदा उठा सकेंगे। इसका मकसद लाखों कर्मचारियों को उनकी गैर-परंपरागत नौकरी के बावजूद बुनियादी सुरक्षा देना है। सोशल सिक्योरिटी कोड, 2020 के तहत, पहली बार 'गिग वर्कर्स', 'प्लेटफॉर्म वर्कर्स' और 'एग्रीगेटर्स' कंपनियों की परिभाषा दी गई है। इस कोड में गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स के लिए एक सोशल सिक्योरिटी फंड बनाने की योजना है, जिसमें केंद्र और राज्य सरकारें, कंपनियों की सामाजिक जिम्मेदारी की राशि, जुमार्ने आदि से पैसा आएगा। ये सारे प्रावधान सुनने में अच्छे लगते हैं, लेकिन जमीन पर ये कितने उतरे हैं, इसकी हकीकत साल के आखिरी दिन हुई हड़ताल ने जाहिर कर दी। प्रधानमंत्री मोदी दावा करते हैं कि वे श्रम का सम्मान करते हैं, लेकिन ये हड़ताल कुछ और ही कहानी बयां करती है।

# बांग्लादेश में 2026 के चुनावों के नतीजों पर निर्भर है क्षेत्रीय सुरक्षा

**आशीष विश्वास**

**घरेलू** राजनीति में भी, भारत अपनी संघर्षरत अर्थव्यवस्था, बढ़ती बेरोजगारी और अमीर-गरीब के बीच चिंताजनक खाई जैसी गंभीर समस्याओं के बावजूद, सामाजिक विकास के मामले में पाकिस्तान या बांग्लादेश दोनों से बेहतर स्थिति में दिखता है। दिल्ली के विपरीत, इस्लामाबाद आने वाले सालों में बीजिंग और वाशिंगटन पर निर्भर रहेगा।

दक्षिण एशियाई संदर्भ में, बांग्लादेश में हिंसक सत्ता परिवर्तन, भारत और पाकिस्तान के बीच एक संक्षिप्त टकराव और पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच छिटपुट झड़पों के बाद, चारों देशों के बीच राजनयिक बातचीत में एक उल्लेखनीय कड़वाहट आई है। क्षेत्र में धीरे-धीरे एक नया राजनीतिक गठबंधन उभर रहा है, जिसकी रूपरेखा बांग्लादेश के आम चुनावों के बाद और स्पष्ट होगी।

यह देखना बाकी है कि 2026 में बांग्लादेश में एक नई, चुनी हुई सरकार द्वारा सत्ता संभालने से दक्षिण एशिया में स्थायी राजनीतिक स्थिरता और लोकतांत्रिक ताकतों का एकीकरण होगा या नहीं। बहुत कुछ उभरते हुए पाक-अफगान संघर्ष के समाधान और पाकिस्तान के भीतर बलूच स्वतंत्रता संघर्ष पर निर्भर करेगा।

चूंकि उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान-मध्य एशिया क्षेत्र लंबे समय से ऐतिहासिक संघर्ष और कई युद्धरत जनजातियों और प्रमुख विदेशी शक्तियों से जुड़े सत्ता संघर्षों का गवाह रहा है, इसलिए भविष्य की शांति या स्थिरता के बारे में किसी निश्चित निष्कर्ष पर पहुंचने में जल्दबाजी करना उचित नहीं हो सकता है। जहां तक भारत का सवाल है, भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया विवाद एक अधूरा मामला बना हुआ है।

इस पृष्ठभूमि को देखते हुए, भारत और बांग्लादेश के बीच मानवाधिकारों के उल्लंघन के अपने-अपने खराब रिकॉर्ड के बारे में बयानों का मौजूदा कड़वा आदान-प्रदान जारी रहने की उम्मीद की जा सकती है। द्विपक्षीय भारत-बांग्ला संबंधों को प्रभावित करने वाले तनावों की अधिक जिम्मेदारी बांग्लादेश की है। इसके नए गैर-निर्वाचित शासक वर्ग ने, जो स्पष्ट रूप से एक अंतरिम प्राधिकरण के रूप में अपनी सीमाओं से अनजान है, यहां तक कि भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के अलगाव को बढ़ावा देने के लिए चीन में एक भड़काऊ अभियान भी शुरू किया।

चूंकि इस मामले पर चीन की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई, और न ही भारतीय पूर्वोत्तर राज्यों ने खुद कोई दिलचस्पी दिखाई, इसलिए बांग्लादेश के अपेक्षाकृत मोटी चमड़ी वाले अस्थायी नेता भी चुप हो गए हैं।

यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार की चीन को भारत के खिलाफ इस्तेमाल करने की घोर राजनयिक विफलता के कारण बांग्लादेश के भीतर ही स्थापित राजनीतिक दलों से उपहासपूर्ण टिप्पणियां हुईं। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के वरिष्ठ नेताओं ने एक प्रेस बयान में डॉ. यूनुस को याद दिलाया कि कुछ अलिखित परंपराएं और दिशानिर्देश हैं जिनका किसी भी सरकार-से-सरकार बातचीत में किसी भी पक्ष द्वारा उल्लंघन नहीं किया जाना चाहिए। ऐसा नहीं है कि इस सार्वजनिक फटकार से डॉ. यूनुस के काम करने के तरीके में कोई खास फर्क पड़ा हो।

जैसे ही नया साल शुरू हो रहा है, इस क्षेत्र के बड़े देश खुद को एक गंभीर राजनीतिक उथल-पुथल से प्रभावित पाते हैं, जो मौजूदा क्षेत्रीय नेताओं में सामूहिक समझदारी की कमी के कारण, भविष्य की पीढि?ों को शांति और व्यवस्था की तलाश में सालों तक उलझाए रख सकती है।

भारत, जो खुद को अपने पूर्व और पश्चिम में तीन दुश्मन पड़ोसियों से निपटने के लिए संघर्ष करता हुआ पा रहा है। चीन और पाकिस्तान के साथ संबंध पहले की तरह ही तनावपूर्ण बने हुए हैं। अब बांग्लादेश भी उनके साथ शामिल होने को उत्सुक दिख रहा है। बहुत कम पर्यवेक्षक बांग्लादेश द्वारा घोषित विदेश संबंधों पर आधिकारिक रुख को मानते हैं कि यह दक्षिण एशिया और उससे आगे अपने राजनयिक पहुंच का विस्तार करने की कोशिश करेगा, विदेश नीति के मामलों में अपनी पिछली भारत-केंद्रित नीति को उलट देगा। भारत के लिए बहुत अधिक सकारात्मक तत्व नहीं हैं जिनकी वह उम्मीद कर सकता है, सिवाय चीन के साथ तनाव में थोड़ी ढील की संभावना के, जो ब्रिक्स फोरम में उनकी सदस्यता के कारण है। साथ ही, अगर आम चुनावों में जमात-ए-इस्लामी और उसके सहयोगी सत्ता हासिल करने में विफल रहते हैं, तो मध्यम अवधि में भारत-बांग्लादेश द्विपक्षीय संबंधों में कुछ सुधार की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।



हालांकि, भारत ने अपने 'निकट पश्चिम' पड़ोस में कूटनीति और प्रभाव के मामले में कुछ फायदे सुनिश्चित किए होंगे। अफगानिस्तान में सत्तारूढ़ तालिबान सरकार के साथ अच्छे संबंध स्थापित कर-के, भारत ने बांग्लादेश के साथ अपनी नई दोस्ती से पाकिस्तान को मिलने वाले अधिकांश फायदों को प्रभावी ढंग से बेअसर कर दिया है।

घरेलू राजनीति में भी, भारत अपनी संघर्षरत अर्थव्यवस्था, बढ़ती बेरोजगारी और अमीर-गरीब के बीच चिंताजनक खाई जैसी गंभीर समस्याओं के बावजूद, सामाजिक विकास के मामले में पाकिस्तान या बांग्लादेश दोनों से बेहतर स्थिति में दिखता है। दिल्ली के विपरीत, इस्लामाबाद आने वाले सालों में बीजिंग और वाशिंगटन पर निर्भर रहेगा। इसकी अर्थव्यवस्था बद से बदतर हो गई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक आतंक प्रायोजक के रूप में इसकी छवि पहले की तरह ही नकारात्मक बनी हुई है। यह इसकी आने वाली पीढि?ों के लिए एक बड़ी बाधा है।

जहां तक बांग्लादेश की बात है, डॉ. यूनुस ने विभिन्न पश्चिमी वित्तीय बैंकों और संस्थानों से कुछ राहत हासिल करके वित्तीय रूप से कुछ राहत पाई है। लेकिन ढाका को बढ़ती दोहरे अंकों वाली महंगाई को नियंत्रित करना बेहद मुश्किल लग रहा है, जो पहले से ही इस क्षेत्र में सबसे ज्यादा है।

औसत बांग्लादेशी नागरिकों के लिए, बुनियादी चिकित्सा खर्च और बुजुर्गों के लिए जरूरी इलाज की लागत में काफी बढ़ोतरी हुई है। युवा पीढ़ी पर इसका बुरा असर पड़ा है क्योंकि छात्रवृत्ति और अन्य सुविधाएं जो दिल्ली ने बांग्लादेशियों को भारत के जाने-माने संस्थानों में रहने के लिए दी थीं, वे अब पहले जैसी उपलब्ध नहीं होंगी। कोलकाता के अर्थशास्त्री शौनाक मुखर्जी के अनुसार, 'किसी भी आसान कॉस्ट-बेनिफिट एनालिसिस से पता चलता है कि भारत द्वारा पहले दी गई सुविधाओं को वापस लेने से बांग्लादेश को बहुत ज्यादा नुकसान होगा।'

यहां तक कि रणनीतिक तौर पर भी, बांग्लादेश को अब दो ऐसे पड़ोसी देशों से निपटना होगा जो दुश्मन न सही, लेकिन दोस्त भी नहीं हैं। वे हैं म्यांमार और भारत, जो इसे उत्तर, पश्चिम और दक्षिण दिशा से घेरे हुए हैं। पहले उसे सिफ म्यांमार से निपटना पड़ता था।

जैसा कि पहले बताया गया है, फरवरी 2026 के चुनावों का नतीजा कई वजहों से पूरे दक्षिण एशिया के लिए महत्वपूर्ण होगा। अभी के लिए, बीएनपीके नेतृत्व वाले गठबंधन की जीत भारत के हितों के लिए ज्यादा फायदेमंद हो सकती है, क्योंकि अब अवामी लीग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अगर, डॉ. यूनुस के राजनीतिक रूप से पर्दे के पीछे से काम करने के साथ जमात समर्थक सरकार चुनी जाती है, तो भारत को अपने पूर्वी हिस्से में मुश्किल समय का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

# बाबा सेमराधनाथ धाम में डीएम,एसपी ने पूजा अर्चना कर भदोहीवासियों के सर्व कल्याण के लिए किया कामना

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही । काशी**-विन्ध्य-प्रयाग के महा संगम स्थल महातीर्थ सेमराधनाथ धाम में कल्पवास के 31वें वर्ष के परम पुनीत अवसर पर , कल्पवास मकर माघ मेला का जिलाधिकारी शैलेष कुमार,पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने मॉ गंगा का पूजा अर्चना कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन एवं धर्म ध्वजा पताका स्थापित कर शुभारम्भ किया।



सर्वप्रथम जिलाधिकारी शैलेष कुमार व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बाबा सेमराधनाथ धाम में भदोहीवासियों के सर्व कल्याण हेतु कामना किया। तत्पश्चात नव वर्ष पर दर्शन पूजन करने आए दर्शनार्थियों को नूतन वर्ष की मंगलकामनाएं देते हुए आत्मीय भाव से उनका कुशल क्षेम पूछा। काशी-विन्ध्य-प्रयाग के महासंगम स्थल महातीर्थ सेमराधनाथ धाम में कल्पवास के 31वें वर्ष के परम पुनीत अवसर पर गंगा तट पर मॉ गंगा का निर्मल एवं अविरल सतत धारा हेतु वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा पूजन अर्चना किया। उन्होने माघ मेला कल्पवास के प्रतीक स्वरूप मॉ गंगा तट पर धर्म ध्वजारोहण कर भारतीय सनातन धर्म एवं आस्था का प्रतीकात्मक शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर दर्शन पूजन उपरान्त जिलाधिकारी ने कहा कि नूतन वर्ष 2026 में सम्मानित जनता जनार्दन, विद्वतजनों के साथ इस पुनीत कार्यक्रम में सहभागिता कर मैं अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा हूॅ। जनपद के लिए यह गर्व की बात है कि गंगा तट पर विगत 31 वर्षो से माघ मेलें में कल्पवास का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने श्री कल्पवास मकर माघ मेला की भव्यता को देखकर इसे प्रस्ताव बनाकर प्रांतीय मेला घोषित करने हेतु प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने का आश्वासन दिया। पूरे मन्दिर व मेला क्षेत्र में शौचालय, पेयजल व अस्पताल की उपलब्धता पर जोर दिया।

# समाधान, संकल्प और लोकतांत्रिक नवजागरण का उद्घोष

**-ललित गर्ग-**

**नया** साल 2026 अनेक आशाओं, अपेक्षाओं, उम्मीदों और संकल्पों के साथ हमारे सामने है। वर्ष 2025 जहाँ वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर इम्तिहान, अस्थिरता और इंतजार का साल रहा, वहीं 2026 से शांति, खुशहाली और प्रगति की बहाली की संभावना बनती दिख रही है। बीते वर्ष की घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि पुरानी समस्याओं के उत्तर पुराने तरीकों से नहीं मिल सकते। इसलिए 2026 में हमें बीते बस के सवालों के जवाब नए वक्त, नई सोच और नए विवेक में ढूंढने होंगे। यह वर्ष केवल कैलेंडर का बदलाव नहीं, बल्कि सोच, दृष्टि और प्राथमिकताओं के पुनर्निर्धारण का अवसर है। यह वर्ष समाधान, संकल्प और लोकतांत्रिक नवजागरण का उद्घोष बने, इसके लिये हमें तत्पर होना होगा, तैयारी करनी होगी।



दुनिया के मोर्चे पर देखें तो रूस-यूक्रेन और इजराइल-फिलिस्तीन के युद्धों के अतिरिक्त भी कम-से-कम दस बड़े संघर्ष ऐसे हैं, जहाँ मानवता निरंतर घायल हो रही है। आतंकवाद, नस्ली विद्वेष, धार्मिक कट्टरता और सत्ता-लिप्सा ने इंसानी खून को सस्ता बना दिया है। वर्ष 2025 में यह रक्तपात थमा नहीं, पर नए साल में इन युद्धों, संघर्षों और आतंकवादी हरकतों से मुक्ति की आकांक्षा केवल भावनात्मक कामना नहीं, बल्कि वैश्विक नैतिकता की अनिवार्यता बननी चाहिए। भारत, जिसने ह्यवसुधैव कुटुम्बकम्ह्ल का संदेश विश्व को दिया है, शांति और संवाद की इस वैश्विक पहल में एक बार फिर नैतिक नेतृत्व की भूमिका निभा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते वर्ष में दुनिया को जता दिये है कि वे वैश्विक नेतृत्व करने एवं दुनिया को उन्नत बनाने की भूमिका निभाने में सक्षम है। भारत की अहिंसक सोच, सबको साथ लेकर चलने की प्रवृत्ति एवं सकारात्मक मानवीय नजरिया दुनिया के लिये उपयोगी हो सकता है।

भारत के लिए 2026 कई अर्थों में निर्णायक वर्ष है। आंतरिक राजनीतिक चुनौतियाँ हों या वैश्विक दबाव, नए साल में हमें कड़वे और कभी-कभी हिंसक अनुभवों का सामना करना पड़ सकता है। इसके बावजूद बीते वर्षों की तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत शांति, अहिंसा, सौहार्द और सद्भावना के दीप जलाने का संकल्प दोहराएगा। प्रधानमंत्री का यह कथन विशेष अर्थ रखता है कि जहाँ 2025 सुधारों की बात अर्थात भारत के रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार रहने का वर्ष था, वहीं 2026 से 2047 तक का कालखंड भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की निर्णायक यात्रा है। यह यात्रा केवल आर्थिक आँकड़ों की नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, सांस्कृतिक आत्मविश्वास और लोकतांत्रिक सुदृढ़ता की भी है। विभिन्न क्षेत्रों में किये जाने वाले सुधारों को प्रभावी बनाने के लिये यह अनिवार्य है कि राजनीति की ही भांति नौकरशाही के प्रत्येक स्तर पर सुधार हो। यह ठीक है कि केन्द्र सरकार से जुड़ी उच्च स्तर की नौकरशाही में बीते वर्षों में व्यापक बदलाव हुए है, लेकिन निचले स्तर पर उसका तौर-तरीका जस का तस है। सबसे चिन्ताजनक है कि नौकरशाही का भ्रष्टाचार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। इसी कारण अनेक कार्य-योजनाओं का जैसा परिणाम आना चाहिए वैसा नहीं आ रहा है।

हालाँकि, यह स्वीकार करना होगा कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था और राजनीतिक मूल्यों में गिरावट को लेकर जो वातावरण बन रहा है, उसे गंभीरता से लेना आवश्यक है। लोकतंत्र केवल चुनावों का आयोजन भर नहीं है; यह संवाद, असहमति के सम्मान, संस्थाओं की गरिमा और संविधानिक मयार्दाओं का जीवंत तंत्र है। संसद लोकतंत्र का मंदिर है, पर पिछले वर्षों में संसद की कार्रवाई का बार-बार अवरोधित होना, हंगामे और गतिरोध लोकतांत्रिक परंपराओं को कमजोर करते हैं। नए साल में यह संकल्प लिया जाना चाहिए कि संसद अवरोध का मंच नहीं, बल्कि समाधान और विमर्श का केंद्र बने। सत्ता और विपक्ष-दोनों की यह साझा जिम्मेदारी है कि वे राष्ट्रीय हितों को दलगत राजनीति से ऊपर रखें। लोकतांत्रिक प्रणाली को एक नई ऊँचाई पर ले जाने के लिए राजनीतिक मूल्यों का पुनर्जागरण आवश्यक है। पारदर्शिता, जवाबदेही, नैतिकता और जन-सरोकार-इन चार स्तंभों पर ही सशक्त लोकतंत्र खड़ा होता है। 2026 में राजनीति को केवल सत्ता-संघर्ष का अखाड़ा नहीं, बल्कि लोक-सेवा का माध्यम बनाने की आवश्यकता है। यदि राजनीति आम आदमी के दुःख-दर्द, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़ती है, तभी लोकतंत्र में जनता का विश्वास मजबूत होगा। नया साल आम आदमी के जीवन में रोशनी बनकर आए-यह तभी संभव है जब हम समस्याओं का रोना रोने के बजाय समाधान की संस्कृति विकसित करें। महँगाई, बेरोजगारी, सामाजिक विषमता और पर्यावरण संकट जैसी समस्याएँ केवल सरकारी घोषणाओं से नहीं सुलझेंगी; इनके लिए सामूहिक संकल्प और सहभागिता चाहिए। भारत की जनता में यह सामर्थ्य है कि वह झूठ को पहचानती है, सज्जनता को स्वीकार करती है और इंसानियत के मायने जानती है। हमारी सभ्यता की जड़ें अहिंसा और शांति में हैं-इसी बल पर हमें अपने समय की जटिल चुनौतियों का समाधान खोजना होगा। स्वास्थ्य के मोर्चे पर 2026 को विशेष सतर्कता का वर्ष बनाना होगा। महामारी के बाद की दुनिया ने यह सिखाया है कि स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एवं वैश्विक सुरक्षा का प्रश्न है। खानपान की संस्कृति को नया आयाम देना होगा, स्थानीय, पौष्टिक और संतुलित आहार को बढ़ावा देते हुए।

# भदोही में गरीबों को कम्बल का किया गया वितरण

## ज्ञानपुर के शिवरामपुर में हुआ भव्य आयोजन।

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। ज्ञानपुर** क्षेत्र के शिवरामपुर में शनिवार को आर एस प्रॉपर्टी के तत्वावधान में विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी सैकड़ो गरीब और असहाय लोगों को कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ज्ञानपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अखिलेश्वर प्रताप सिंह उर्फ बबलू सिंह रहे। गरीबों को कम्बल वितरण करने के बाद मुख्य अतिथि अखिलेश्वर प्रताप सिंह ने कहा कि जो लोग कंबल वितरण का पुनीत कार्य किये उन सभी को साधुवाद और बधाई। कहा कि समाज में ऐसे लोग अपने सेवा कार्य से एक मिशाल पेश कर रहे है।



और ऐसे कार्यों में लोगों को बढ़ चढ़ कर सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में प्रवेश तिवारी ने बताया कि इस तरह का आयोजन करके गरीबों और असहायों की मदद करना कहीं न कहीं पुनीत कार्य है, लोगो को भी अपने स्तर से यथासंभव इस तरह का आयोजन और सहयोग करना चाहिए। कृष्णा कांत चतुर्वेदी ने भी कम्बल वितरण के कार्यक्रम को सफल बताया और कहा कि इसी तरह गरीबों और असहायों की सेवा करने को बड़ा ही सौभाग्य बताया।

# सुबह की रोस्टिंग से आमजन परेशान, विद्युत आपूर्ति के समय में बदलाव की मांग।

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। जनपद** के नगर पालिका परिषद मुहम्मदाबाद क्षेत्र अंतर्गत विद्युत विभाग द्वारा विगत कई दिनों से प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 7:30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित की जा रही है। इस कारण क्षेत्र के नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह का समय आमजन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि इसी समय स्नान, ध्यान, पूजा-पाठ, बच्चों की पढ़ाई तथा अन्य आवश्यक दैनिक कार्य संपन्न किए जाते हैं।

लगातार हो रही विद्युत कटौती के चलते लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। विशेषकर बुजुर्गों, विद्यार्थियों एवं नौकरीपेशा लोगों को अधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। कई नागरिकों का कहना है कि सुबह के समय बिजली न रहने से पानी की समस्या भी उत्पन्न हो जा रही है, जिससे दैनिक क्रियाकर्म बाधित हो रहे हैं। इस संबंध में जब विद्युत विभाग के अभियंता से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि यह समय विभाग द्वारा निर्धारित रोस्टिंग का समय है। हालांकि स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रोस्टिंग के लिए सुबह का समय बिल्कुल भी उपयुक्त नहीं है। उनका तर्क है कि यदि रोस्टिंग आवश्यक है ।

# उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही । अभिमन्यु** मांगलिक पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में पुलिसलाइन के कर्मी, विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त कर्मी व रिक्रूट पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए।शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने के लिए लगवाई गई दौड़।परेड के दौरान अनुशासन, एकरूपता हेतु कराएं जा रहे टोलीवार ड्रिल की कार्यवाही को और प्रभावी बनाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण हेतु आए नवचयनित आरक्षीगण की पीटी/परेड का निरीक्षण कर अनुशासन/नियमों हेतु ब्रीफ किया गया। परेड उपरांत ट्रेनिंग उस्ताद को आवश्यक निर्देश दिए गए कि वे प्रशिक्षणार्थियों को सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं व निदेर्शों से भलीभांति अवगत कराएं। साप्ताहिक अर्दली रूम के दौरान विभिन्न रजिस्टरों को चेक कर सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।माह दिसंबर 2025 में सराहनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# कड़ाके की ठंड में जिला प्रशासन की मानवीय पहल

## सांसद डॉ. संगीता बलवंत की मौजूदगी में 100 जरूरतमंदों को कंबल वितरित।

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर । हाढ़** कपा देने वाली शर्द हवाओ से ठण्ड का प्रकोप लगातार बढ़ता ही जा रहा है। ठण्ड से बचाव हेतु जिला प्रशासन अलर्ट मोड मे है। अतः तहसील सदर स्थित जिला पंचायत सभागार में कड़ाके की ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा तहसील सदर में 100 जरूरतमंदों को राज्य सभा सांसद डॉ0 संगीता बलवंत की उपस्थिति में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।उन्होने बताया कि तहसील सदर में अबतक लगभग 1300 कम्बल गरीब, असहाय, वृद्ध और निराश्रित लोगों को कंबल वितरित किए गए, जिससे उन्हें ठंड से राहत मिली सके एवं समस्त तहसीलो में भी कम्बल वितरण का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान संगीता बलवंत ने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों की सहायता करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। ठंड के मौसम में एक



कंबल किसी जरूरतमंद के लिए राहत का बड़ा साधन बन सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे सेवा कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे, ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड से पीड़ित न रहे। इसके अलावा जनपद में चिन्हित स्थलो पर अलाव की व्यवस्था प्रतिदिन की जा रही है और रैन बसेरा जनपद में चिन्हित स्थानो पर संचालित है। कंबल वितरण कार्यक्रम में, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

# दुनिया बदली, समीकरण बदले: 2025 में कैसी रही भारत की कूटनीति, 2026 में क्या रहेगी चुनौतियां

**अफगानिस्तान**
**कई** मायनों में 2025 भारतीय विदेश नीति के लिए सरप्राइजिंग ईरा साबित हुआ। नरेंद्र मोदी सरकार को एक साथ कई मोर्चों पर ऐसे अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों का सामना करना पड़ा, जिनकी न तो समय-सीमा स्पष्ट थी और न ही दिशा। बदलते भू-राजनीतिक संतुलन, पश्चिम एशिया से लेकर हिंद-प्रशांत तक बढ़ते तनाव और विभिन्न देशों में हो रहे उथल-पुथल ने भारत की कूटनीति को लगातार सतर्क रहने के लिए मजबूर किया। साल खत्म होते-होते यह सवाल और प्रासंगिक हो गया कि वे कौन-सी वैश्विक घटनाएँ और फैसले थे जिन्होंने भारत के रणनीतिक हितों, सुरक्षा और अर्थव्यवस्था को सबसे अधिक प्रभावित किया। साथ ही, 2026 की दहलीज पर खड़े भारत के सामने कौन-सी नई चुनौतियाँ उभर रही हैं। इन्हीं संकटों के बीच कौन-से ऐसे अवसर छिपे हैं, जो भारत को एक निर्णायक वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित कर सकते हैं?

भारतीय नीति-निमार्ताओं को यह उम्मीद थी कि पिछले कार्यकाल के व्यक्तिगत और रणनीतिक समीकरणों के आधार पर ट्रंप भारत-समर्थक रुख अपनाएंगे, लेकिन यह आकलन जल्द ही गलत साबित हुआ। दंडात्मक व्यापार नीतियों, कठोर और शत्रुतापूर्ण आव्रजन रुख, तथा एच-1बी वीजा, छात्र वीजा पर सख्ती और अवैध भारतीयों के निर्वासन ने भारत के विदेश मंत्रालय को घरेलू स्तर पर आलोचना के घेरे में ला दिया। इसके साथ ही, राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा बार-बार यह दावा करना कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान युद्धविराम कराया, भारत के सीमा-पार आतंकवाद पर लंबे समय से स्थापित दृष्टिकोण को कमजोर करता दिखाई दिया। व्हाइट हाउस में पाकिस्तानी नेतृत्व की मेजबानी और पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमानों की आपूर्ति की मंजूरी ने भारत की कूटनीतिक स्थिति को और असहज किया। पाकिस्तान को कथित समर्थन के कारण भारत को तुर्की, अजरबैजान और मलेशिया के साथ भी



तनावपूर्ण रिश्तों का सामना करना पड़ा। आर्थिक मोर्चे पर, ट्रंप द्वारा घोषित तथाकथित मुक्ति दिवस टैरिफ ने बहुपक्षीय आर्थिक व्यवस्था को झकझोर दिया। उनकी संरक्षणवादी व्यापार नीतियों से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएँ बाधित हुईं और विश्व व्यापार संगठन जैसी संस्थाएँ कमजोर पड़ीं। रूस से कच्चे तेल की निरंतर खरीद के चलते भारत को अपने निर्यात पर 25% टैरिफ और अतिरिक्त 25% अधिभार का सामना करना पड़ा, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था और व्यापार हितों को सीधा नुकसान पहुँचा।

अफगानिस्तान को लाया पास, कनाडा को हुआ पिछली भूल का एहसास

2025 में भारत की प्रमुख कूटनीतिक सफलताओं में सबसे अहम उपलब्धि कनाडा के साथ संबंधों में सुधार रही। खालिस्तानी उग्रवाद को लेकर वर्षों से चले आ रहे तनाव के बाद दोनों देशों ने टकराव की बजाय संवाद का रास्ता चुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कनाडा में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में भागीदारी इस बदलाव का स्पष्ट संकेत बनी। इस दौरान दोनों नेताओं ने आपसी विवादों को नियंत्रित रखने, संवाद बहाल करने और विश्वास के पुनर्निर्माण पर सहमति जताई, जिससे द्विपक्षीय रिश्तों को नई दिशा मिली। इसी तरह, अफगानिस्तान के मोर्चे पर भारत ने एक साहसिक और व्यावहारिक कूटनीतिक कदम उठाया। भारत ने तालिबान शासित अफगानिस्तान के साथ सीधे संपर्क स्थापित किया। भारतीय विदेश सचिव और तालिबान के विदेश मंत्री के बीच हुई बैठक से संवाद की नई शुरूआत हुई।

# सऊदी अरब और UAE टकराव के बीच अमेरिका सक्रिय, रूबियो ने लगाया फोन

**सऊदी अरब**
**सऊदी अरब** ने यमन के मुकाला बंदरगाह शहर पर बमबारी की, जिसमें अलगाववादी ताकतों के लिए संयुक्त अरब अमीरात से हथियारों की खेप को निशाना बनाया गया। यह हमला एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय व्यापार मार्ग पर स्थित देश में एक बड़ा कदम है, जो फारस की खाड़ी क्षेत्र के लिए नए खतरे पैदा कर सकता है। बाद में संयुक्त अरब अमीरात ने यमन से अपनी सेना वापस बुलाने की घोषणा की। संयुक्त अरब अमीरात द्वारा समर्थित अलगाववादी दक्षिणी संक्रमणकालीन परिषद (एसटीसी) ने इस महीने तेल सुविधाओं सहित हद्रामौत और महरा प्रांतों के अधिकांश हिस्से पर कब्जा कर लिया।

मार्को रूबियो ने सऊदी-यूएई से की बात

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने यमन में बिगड़ती स्थिति और क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई)



और सऊदी अरब के शीर्ष नेताओं से फोन पर बातचीत की है। अमेरिकी सरकार की ओर से जारी बयान में इसकी जानकारी दी गई। सबसे पहले रुबियो ने यूएई के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद से बात की। दोनों ने यमन की मौजूदा हालात के साथ-साथ पूरे ममिडल ईस्ट की सुरक्षा, स्थिरता के मुद्दों पर चर्चा की। यह बातचीत ऐसे समय हुई है जब यमन की कमजोर सुरक्षा स्थिति को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता बनी हुई है। इसके बाद रुबियो ने सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद से भी फोन पर बातचीत की। यमन में एक दशक से चल रहे संघर्ष के कारण वहां गंभीर मानवीय संकट पैदा हो गया है, जिसे संयुक्त राष्ट्र दुनिया के सबसे खराब संकटों में गिनता है। अमेरिका का कहना है कि क्षेत्रीय देशों के साथ मिलकर काम करना जरूरी है ताकि मिडल ईस्ट में स्थिरता लाई जा सके।

यमन से सैनिक वापस बुलाएगा यूएई

एपी, यमनः संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने यमन से अपनी सेना वापस बुलाने और अपना आतंकवाद विरोधी अभियान समाप्त करने का फैसला किया है। यह कदम सऊदी अरब के उन आरोपों के बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि यूएई यमन के अलगाववादी गुट 'सदर्न ट्रांजिशनल काउंसिल' (एसटीसी) को हथियार सप्लाई कर रहा है।

# जीत के साथ होगी खत्म...नए साल पर पुतिन का ऐलान, सुनकर ट्रंप भी हैरान

**यूक्रेन**
**73** साल के व्लादमीर पुतिन जिस स्वैग में नए साल पर दिखे, वह अंदाज बताता है वह अपनी 4 साल पुरानी धुन में कायम है। उनकी धुन के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप क्या सोचते हैं या ट्रंप से मीटिंग में यूक्रेनी राष्ट्रपति वलादमीर जेलस्की क्या प्लान करते हैं? पुतिन को कतई परवाह नहीं है। दोनों की मुलाकात से पहले ही पुतिन ने यूक्रेन पर फुल स्केल अटैक का आर्डर दे दिया। अटैक के बाद पुतिन का मैसेज रूस की शर्त मानो या फिर झेलो। पुतिन का वो अटैक ट्रंप और जेलस्की की मीटिंग में बड़ा मसला था। लेकिन ट्रंप ने इसे तवज्जो नहीं दी। जैसा ट्रंप को पुतिन का अंदाज पता है। यह शख्स शांति समझौता भी करेगा तो अपनी शर्तों पर उससे कम पर पुतिन को कुछ भी मंजूर नहीं। भले ही यूक्रेनी राष्ट्रपति आखिरी सांस तक लड़ने का जज्बा रखते हो।



नए साल से पहले मीटिंग से लौटे जेलेंस्की पुतिन पर सीधे मल्टी ड्रोन अटैक का आर्डर देते हो। अटैक के बाद रूस ने दावा किया कि यूक्रेन ने 91 ड्रोन से पुतिन के आवास पर अटैक किया। यानी सीधे जान लेने की कोशिश। इसे ट्रंप ने भी यूक्रेन की बुरी चाल बताया।

हालांकि ट्रंप ने एक मध्यस्थ की तरह ड्रोन हमले की पुष्टि नहीं की। ट्रंप ने कहा कि हो सकता है कि हमला हुआ ही ना हो लेकिन रूस ने ड्रोन अटैक का वीडियो जारी कर जेलस्की की असली मंशा जाहिर की। यूक्रेन के ड्रोन अटैक के बाद पुतिन की यह पहली एंट्री थी। वैसे तो पुतिन हर नए साल पर अपने राष्ट्र और इसके लिए लड़ रही सेना के नाम संदेश देते हैं। लेकिन इस बार बॉडी लैंग्वेज अलग नजर आया।

पुतिन ने अपने नए साल के संदेश में साफ कर दिया कि 2026 में अपने स्पेशल मिलिट्री ऑपरेशन को अंजाम तक पहुंचाएंगे।

# 2000 करोड़ की डील से दुश्मन का होगा खात्मा



**पाकिस्तान**
ट्रेडिशनल वॉरफेयर से निकलकर भारत अब फ्यूचर वॉर्स की तरफ तेजी से कदम आगे बढ़ा चुका है। और इसी दिशा में इंडियन आर्मी का अब तक का सबसे बड़ा फैसला सामने आया है। 850 का कामिकाजे ड्रोन, 2000 करोड़ की डील और भविष्य में 3000 प्लस लोइट्रिंग म्यूशंस का लक्ष्य। कामिकाजे ड्रोन को तकनीकी भाषा में कहा जाता है लोटिंग मुनिशन। लोटिंग का मतलब है हवा में मंडाते रहना, मौके का इंतजार करना और सही समय पर सटीक वार करना। यह कोई साधारण ड्रोन नहीं होता है। यह एक ही प्लेटफार्म में दो हथियार वाला खतरनाक हथियार होता है। दरअसल ड्रोन को टारगेट एरिया की तरफ छोड़ा जाता है। वो घंटों तक उस इलाके में चुपचाप हवा में रहता है। दुश्मन के हर मूवमेंट को रियल टाइम में देखता है। सही टारगेट मिलते ही सीधे टकरा कर खुद को विस्फोट कर देता है।

सेना ने जम्मू-कश्मीर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी

मंत्रालय ने पुष्टि की कि जम्मू-कश्मीर में स्थिति स्थिर बनी हुई है और भारतीय सेना के निरंतर अभियानों के कारण क्षेत्र पूरी तरह से नियंत्रण में है। मंत्रालय ने आगे कहा कि स्थानीय लोग विकास पहलों और सरकारी प्रयासों में अधिकाधिक सहयोग कर रहे हैं। जनभागीदारी में वृद्धि के साथ-साथ विरोध प्रदर्शनों में भी भारी कमी आई है और पत्थरबाजी की कोई घटना नहीं हुई है।

# भारत-पाकिस्तान ने एक-दूसरे को सौंपी परमाणु ठिकानों की लिस्ट

**पाकिस्तान**
**तीन** दशकों से चली आ रही इस परंपरा को जारी रखते हुए, भारत और पाकिस्तान ने द्विपक्षीय समझौते के तहत परमाणु प्रतिष्ठानों की वार्षिक सूची का आदान-प्रदान किया। यह समझौता दोनों पक्षों को एक-दूसरे के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला करने से रोकता है। यह नियमित लेकिन महत्वपूर्ण आदान-प्रदान ऐसे समय में हुआ है जब जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद मई 2025 में चार दिनों तक चले सैन्य संघर्ष के कारण दोनों देशों के संबंध बेहद तनावपूर्ण हैं।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह



प्रक्रिया नई दिल्ली और इस्लामाबाद में राजनयिक चैनलों के माध्यम से एक साथ संपन्न हुई। विदेश मंत्रालय ने बताया सूची का आदान-प्रदान परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमले को रोकने वाले एक समझौते के प्रावधानों के तहत हुआ। इसने कहा कि नयी दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच राजनयिक माध्यम से सूची का आदान-प्रदान एक साथ किया गया। मंत्रालय ने कहा कि भारत और पाकिस्तान ने आज राजनयिक माध्यम से नयी दिल्ली और इस्लामाबाद में एक साथ परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया।

समझौते पर 31 दिसंबर, 1988 को हस्ताक्षर किए गए थे और 27 जनवरी, 1991 को यह लागू हुआ। समझौते के तहत दोनों देशों के बीच, हर वर्ष की पहली जनवरी को अपने-अपने परमाणु प्रतिष्ठानों के बारे में एक-दूसरे को सूचित करने का प्रावधान है।विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, यह दोनों देशों के बीच ऐसी सूचियों का लगातार 35वां आदान-प्रदान है।

# न्यूयॉर्क सिटी के नए मेयर बने जोहरान ममदानी, कुरान के साथ ली शपथ

**न्यूयॉर्क**
**नव** वर्ष 2026 की शुरूआत के ठीक बाद, गुरुवार को जोहरान ममदानी ने न्यूयॉर्क शहर के 112वें महापौर के रूप में औपचारिक शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण समारोह पुराने सिटी हॉल सबवे स्टेशन पर आयोजित किया गया था, जिसमें ममदानी के करीबी मित्र और परिवार के सदस्य, जिनमें उनकी पत्नी रमा दुवाजी भी शामिल थीं। 34 वर्षीय भारतीय मूल के क्वींस राज्य विधानसभा सदस्य को अटॉर्नी जनरल लेटिटिया जेम्स ने शपथ दिलाई। ममदानी, जो न्यूयॉर्क शहर के पहले मुस्लिम महापौर होंगे, ने कुरान पर हाथ रखकर शपथ ली। डेमोक्रेट मामदानी ने अपने संक्षिप्त भाषण में कहा यह वास्तव में जीवन भर का सम्मान और सौभाग्य है। यह समारोह सिटी हॉल पार्क के नीचे एक भव्य, परित्यक्त पुराने सबवे स्टेशन में आयोजित हुआ, जिसमें उनकी पत्नी एवं कलाकार रमा दुवाजी उनके साथ मौजूद थीं। इसके कुछ घंटे बाद बृहस्पतिवार दोपहर को सिटी हॉल के बाहर, न्यूयॉर्क सिटी सरकार के मुख्यालय में ममदानी का औपचारिक शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा।

# पहले चाकुओं से गोदा और फिर पेट्रोल डालकर...बांग्लादेश में एक और हिंदू युवक को भीड़ ने जिंदा जलाया

**बांग्लादेश**
**बांग्लादेश** में एक हिंदू व्यक्ति पर हिंसक भीड़ ने कथित तौर पर हमला कर उसे आग लगा दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना देश में अल्पसंख्यकों पर हुए हमलों की एक और भयावह घटना है। यह भयावह घटना 31 दिसंबर को शरियतपुर जिले में घटी, जहां अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ बढ़ती शत्रुता एक चिंताजनक मुद्दा बन गई है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पीड़ित की पहचान 50 वर्षीय खोकन दास के रूप में हुई है। वह घर लौट रहा था जब हमलावरों के एक समूह ने उसे घेर लिया। बताया जाता है कि भीड़ ने उस पर धारदार हथियारों से हमला किया, उसे




बार-बार पीटा और फिर आग लगा दी। इस क्रूर हमले ने मानवाधिकार समूहों में आक्रोश पैदा कर दिया है, जो रिपोर्टों के अनुसार लक्षित हिंसा में खतरनाक वृद्धि की ओर इशारा करते हैं।

गौरतलब है कि पिछले 15 दिनों में बांग्लादेश में किसी हिंदू पर यह चौथा हमला था। इससे पहले, 24 दिसंबर को बांग्लादेश के कालीमोहर यूनियन के हुसैनडांगा इलाके में भीड़ ने कथित तौर पर 29 वर्षीय अमृत मंडल की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। एक अन्य घटना में, मयमनसिंह के भालुका स्थित एक कपड़ा कारखाने में एक हिंदू युवक को उसके सहकर्मी ने गोली मारकर हत्या कर दी। इसके अलावा, 18 दिसंबर को मयमनसिंह में दीपू चंद्र दास नामक एक हिंदू युवक की भीड़ ने बेरहमी से हत्या कर दी, जिसके बाद उसके शव को सड़क के बीचोंबीच एक पेड़ से लटकाकर आग लगा दी गई। यह उल्लेखनीय है कि पिछले कई दिनों से बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में भारत के कई शहरों में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हो रहे हैं। कई भारतीय राजनीतिक नेताओं ने भी बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों की निंदा की है और भारत सरकार से इस मामले पर राजनयिक कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

बांग्लादेश में अशांति

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि 18 दिसंबर को प्रमुख युवा नेता शरीफ उस्मान बिन हादी की मृत्यु के बाद बांग्लादेश में हिंसक प्रदर्शन हुए।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# जहां हर चौथा शख्स है हिंदुस्तानी, ऊंट-घोड़े बेचने वाले देश के तेल का बादशाह बनने की कहानी

**अमेरिका**
**29 सितंबर** 2025, अमेरिका का व्हाइट हाउस संयुक्त राष्ट्र की बैठक के बाद इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हाथों में फोन का रिसीवर लिए बैठे होते हैं। उनसे यही कोई 2 फुट की दूरी पर पीस मेकर डोनाल्ड ट्रंप विराजमान होते हैं। इजरायली पीएम नेतन्याहू सॉरी बोलते नजर आते हैं। दरअसल, नेतन्याहू ने 9 सितंबर को दोहा पर हुए हमले के लिए कतर के प्रधानमंत्री से फोन पर सॉरी बोल रहे थे। इजरायल पिछले दो साल से लगातार गाजा को टारगेट कर रहा है। इस चक्कर में ईरान के ऊपर भी हमला कर दिया गया और इसमें सुपरपावर मुल्क अमेरिका का भी बखूबी साथ मिला। लेकिन कहानी इससे आगे बढ़ी और इजरायल की तरफ से कतर के ऊपर भी हमला किया गया। कतर पर 9 सितंबर को अति आत्मविश्वास में आकर इजरायल ने बम बरसा दिए। नतीजन व्हाइट हाउस में नेतन्याहू को तलब किया गया। यहां ट्रंप ने कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान जशीन अल थानी को कॉल किया और फिर फोन सीधा नेतन्याहू को पकड़ा दिया। नेतन्याहू ने दोहा में हमास के पॉलिटिकल लीडरशिप पर टारगेटेड अटैक को लेकर कतर पीएम से माफी मांगी। इसके साथ ही भविष्य में ऐसी कोई घटना न दोहराने का वादा भी किया।

आज से करीब 8000 साल पहले की बात है। मिडिल ईस्ट के कुछ हिस्सों में अच्छी खासी बारिश हुई। बारिश हुई तो जीवन बढ़ा। एक ऐसी जगह भी लोगों को रहने का ठिकाना मिला जहां इससे पहले रिहाइश नहीं थी। कतर में लोग बसे और मिट्टी के बर्तन बनाने शुरू किए। इराक की एक पुरानी सभ्यता है अल उबैद। इसी सभ्यता से मिलते जुलते कुछ बर्तन कतर में भी दिखते हैं और इसे ही पोट्री कल्चर की शुरूआत भी माना जाता है। 224 ईसवी की बात है। ससानी साम्राज्य ने खाड़ी पर कंट्रोल काबिज किया था। कतर इस दौर में पर्पल डाई के अलावा मोतियों के व्यापार में भी लग चुका था। ईसाइयत के बढ़ते प्रभाव से कतर में भी मिशन इंडिया आई और इसे बेथ कतराय कहा गया।

मक्का और मदीना जैसे इस्लामी केंद्रों के साथ संपर्क बढ़ा

बहरीन और आसपास के कुछ इलाके इसका बड़ा हिस्सा भी रहे। सातवीं सदी में यहां इस्लाम का आगमन हुआ। कतर के इतिहास में ये एक महत्वपूर्ण मोड़ था। 628 ईसवी में पैगंबर मोहम्मद ने पूर्वी अरब के शासक मुंजिर बिन सा अल तमीमी को एक दूत भेजकर इस्लाम को अपनाने की उनसे गुहार भेजी। मुंजिर मान गए और उनके प्रभाव के चलते कतर की अधिकांश अरब जनजातियां इस्लाम में ढलने लगी। इस्लाम के आने से ना केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक और आर्थिक



संरचनाओं में भी यहां बड़े बदलाव देखे गए। स्लाम के आने से कतर का मक्का और मदीना जैसे इस्लामी केंद्रों के साथ संपर्क बढ़ा, व्यापार बढ़ा, रिवाज बदले, मस्जिदें बनी, कतर की बस्तियां जो पहले मछली पकड़ने और मोतियों के व्यापार पर निर्भर थी।

कतर को घोड़ों और ऊंट के प्रजनन केंद्र के रूप में मिली प्रसिद्धि

आठवीं सदी में कतर की एक नई पहचान भी उभरी। उमयद डायनेस्टी के दौरान कतर को घोड़ों और ऊंट के प्रजनन केंद्र के रूप में बड़ी प्रसिद्धि मिली। कतर की कहानी में थोड़ा और आगे बढ़ते हैं। 19वीं सदी में आते हैं। यहां पर अल थानी परिवार ने सत्ता संभाली। 1868 में शेख मोहम्मद बिन थानी ने ब्रिटिश सरकार के साथ एक संधि की। इसके तहत कतर ब्रिटिश प्रोटेक्टोरेट बना। प्रोटेक्ट रेट मतलब जिस देश को किसी दूसरे देश का संरक्षण प्राप्त हो।

मिडिल ईस्ट में तेल की खोज

20वीं सदी की शुरूआत तक कतर की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से मोती व्यापार पर निर्भर थी। खाड़ी के गर्म और उथले पानी में पाए जाने वाले मोती बड़ी हाई क्वालिटी के होते थे और इसके चलते बाजार में इनकी मांग भी बहुत ज्यादा होती थी। फिर यह गोताखोरी भी अपने आप में बड़ा जोखिम भरा काम था। इसलिए भी डिमांड हाई थी। 1930 के दशक में जापान में कृत्रिम मोती के उत्पादन ने कतर के मोती व्यापार को गहरा झटका दिया। इस आर्थिक संकट ने कतर के लोगों को उस समय सकते में डाल दिया। 20वीं सदी के मध्य में कतर के इतिहास में एक बड़ा बदलाव आया।